''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 09 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 09 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## बिजली चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : ए श्रीनिवास



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ए श्रीनिवास ने सूरजकुंड स्थित राजहंस में फरीदाबाद और पलवल ऑपरेशन सर्कल की ऑपरेशन रिव्यू कमेटी (ओआरसी) बैठक ली। उन्होंने मौजूदा वित्त वर्ष में डीएचबीवीएन के लाइन लॉस, वितरण सहित एटीएंडसी लॉस कम करने, राशि वसूली एवं संग्रह क्षमता बढ़ाने, चोरी पकड़ने आदि की समीक्षा करते हुए इसमें सुधार करने के निर्देश दिए।

प्रबंध निदेशक ने कहा कि किसी भी सूरत में बिजली चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मौजूदा कनेक्ट एवं डिस्कनेक्ट कनेक्शनो की राशि वसूली एवं संग्रह क्षमता आदि की समीक्षा करते हुए लॉस में चल रहे फीडर पर चोरी का पता लगाने की स्थिति का भी जायजा लिया तथा इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मंडल और सर्कल स्तर पर स्थिति में ओर बेहतरी करने के आदेश दिए।

उन्होंने बिजली से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्ता पूर्वक समाधान करने तथा उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके संतुष्टीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने परिचालन मापदंडों की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए वे उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अधिकतम प्रयास करें, अन्यथा वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने डिविजन और सर्कल स्तर पर प्रगति की स्थिति का जायजा लिया। इसमें सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों की प्रगति का आंकलन किया। इस बैठक में बिजली निगम के पैरामीटर के अनुसार किए जा रहे सभी कार्यों का विवरण दिया गया। नए सौर ऊर्जा कनेक्शन जारी करने और सर्विस कनेक्शन के बिलों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रबंध निदेशक ने फरीदाबाद स्थित कॉल सेंटर और सेक्टर 21 डी स्थित एचवीपीएन के 66 केवी सबस्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए की उपभोक्ताओं की शिकायतों को त्वरित दर्ज कर समाधान किया जाए और बंद पड़े एचवीपीएन सब स्टेशन को शीघ्र ही की चालू किया जाए।

बैठक में डीएचबीवीएन के निदेशक विपिन गुप्ता, चीफ इंजीनियर अनिल शर्मा, एसई एनर्जी ऑडिट नरेश कक्कड़, एसई फरीदाबाद जितेंद्र ढूल, एसई पलवल रंजन राव, कार्यकारी अभियंता मॉनिटरिंग प्रदीप ढुल, एमएंडपी एस पी सचदेवा सहित फरीदाबाद एवं पलवल सर्कल के सभी कार्यकारी अभियंता आदि उपस्थित रहे।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म से घर बैठे मिल रहा है लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ : डीसी




**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर योजनाओं को लागू करते हुए विभागीय स्तर पर क्रियान्वित कर रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक को घर बैठे योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाने में जिला प्रशासन फरीदाबाद अपनी जिम्मेदारी प्रभावी रूप से निभा रहा है। यह बात डीसी विक्रम सिंह ने कही। वे बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में सरल पोर्टल, सीएम विंडो, समाधान प्रकोष्ठ, जनसंवाद पोर्टल और सीपी ग्राम पर आई शिकायतों के समाधान की समीक्षा कर रहे थे।

डीसी ने कहा कि पारदर्शिता के साथ प्रशासन सरकार की योजनाओं को क्रियानवित कर रहा है और जिला फरीदाबाद में ई ऑफिस पोर्टल के माध्यम से फ़ाइल मूमेंट भी शुरू की जा रही है।

डीसी विक्रम सिंह ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को लेकर हर समय अपडेट रहें। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ सरल पोर्टल, सीएम विंडो, समाधान शिविर, जनसंवाद पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के निपटान की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम विंडो और ऑनलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों को सभी विभागों के अधिकारी डेलीबेसिज पर समीक्षा कर समाधान निकालें तथा सरल, सीएम घोषणा में जो भी कार्य अभी भी अधूरे है उनको जल्द से जल्द पूरा करें। सीएम घोषणा से रिलेटेड लंबित कार्यों का निपटारा करके एटीआर पोर्टल पर भी अपडेट करें।

डीसी विक्रम सिंह ने बैठक में क्रमवार सभी विभाग के अधिकारियों /प्रतिनिधियों को सरल पोर्टल, सीएम विंडो, समाधान शिविर, जनसंवाद पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल से संबंधित आई शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। वहीं उन्होंने कई विषयों पर संबंधित अधिकारियों से सुझाव भी सांझा किए व सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए ज़रूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

**यह रहे मौजूद :**

समीक्षा बैठक में एडीसी साहिल गुप्ता, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, डीसीपी सेंट्रल उषा, एफएमडीए जॉइंट सीईओ गौरी मिड्ढा, आरटीए सचिव मुनीश सहगल सहित अन्य कई संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## लेजर वैली पार्क में पुलिस-पब्लिक कोआर्डिनेशन गोष्ठी का आयोजन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार और पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं पुलिस उपायुक्त एनआईटी के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने प्रबंधक थाना डबुआ और प्रभारी चौकी सैनिक कॉलोनी के सहयोग से लेजर वैली पार्क, डबुआ में पुलिस-पर्बलिक कोआर्डिनेशन गोष्ठी का आयोजन किया।

**गोष्ठी की शुरुआत:** प्रबंधक थाना डबुआ ने सभी स्थानीय नागरिकों का गोष्ठी में स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने पुलिस और समाज के आपसी सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

**जागरूकता सत्र:** सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने उपस्थित नागरिकों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।

**साइबर अपराध:** साइबर हेल्पलाइन 1930 और cyber-crime.gov.in पोर्टल का उपयोग।

**सड़क सुरक्षा:** ट्रैफिक नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय।

**नशा मुक्ति अभियान:** अवैध नशा बेचने वालों की सूचना 90508-91508 पर देने का आग्रह।

**महिला सुरक्षा:** महिलाओं के खिलाफ अपराध को नियंत्रण करने के लिए उनको कानून की जानकारी दी।

**नैतिक जिम्मेदारी:** सभी को अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और अपराध मुक्त समाज बनाने के लिए प्रेरित किया।

**समस्याओं पर चर्चा और समाधान:** स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को साझा किया। मुख्य समस्या यह रही कि पार्क में शाम के समय कुछ असामाजिक तत्व (नशेड़ी) घूमते हैं, जिससे महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं।

प्रबंधक थाना डबुआ ने आश्वासन दिया कि इस समस्या के समाधान के लिए सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। अन्य समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि इन पर तुरंत कार्रवाई करें।

**संकल्प और समापन:** गोष्ठी के अंत में सभी नागरिकों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे पुलिस के साथ मिलकर अपने क्षेत्र को अपराध मुक्त, नशा मुक्त, और सड़क दुर्घटना मुक्त बनाएंगे। प्रबंधक थाना डबुआ ने सभी को आश्वस्त किया कि फरीदाबाद पुलिस समाज के साथ मिलकर हर समस्या का समाधान करेगी।

**उपस्थित अधिकारी और नागरिक:** गोष्ठी में प्रबंधक थाना डबुआ निरीक्षक मंजीत, प्रभारी चौकी सैनिक कॉलोनी, सामुदायिक पुलिसिंग सेल समन्वयक स.उप.नि. सुरेन्द्र सिंह, ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र सिंह और स्थानीय नागरिक, जिनमें आरडब्ल्यूए सदस्य, समाजसेवी, और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

यह गोष्ठी पुलिस और समाज के बीच आपसी संवाद और विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही।

### पुलिस प्रशासन द्वारा किया सराहनीय कार्य : राकेश खटाना




पुलिस प्रशासन व अधिकारियों द्वारा डबुआ पार्क में नशे के दुष्परिणाम अपराध व साइबर क्राइम को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है वह सराहनीय कार्य है इसी प्रकार का आयोजन समय-समय पर होने चाहिए ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकेगा ।

### जल्द ही हमारा शहर नशा मुक्त होगा : गुडडू भाटी



समाजसेवी गुडडू भाटी के अनुसार पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया आज का यह कार्य सराहनीय है, इस तरह के कार्य समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए जिससे कि लोगों में जागरूकता फैले एवं नशेबाजों पर अंकुश लग सके। उन्होंने कहा कि हम डबुआ थाने के एसएचओ साहब का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। लेजर वैली पार्क में आए लोगों ने इस कार्यक्रम को सराहा है एवं उम्मीद की है जल्द ही हमारा शहर अब नशामुक्त होगा।

## छप्पन भोग से मन के विकार दूर होते है और मन की शुद्धि होती है: श्री राघवाचार्य जी महाराज



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तेरापंथ भवन सेक्टर-10 में पंजाब अग्रवाल समाज (रजि.) द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ कथा के पांचवे दिन कथा व्यास परम श्रद्वेय जगदगुरू रामानुजाचार्य परम पूज्य स्वामी डॉ. श्री राघवाचार्य जी महाराज(अयोध्या वाले) ने भगवान कृष्ण की अनेकों लीला का महत्व, गोवर्घन पूजा और श्रीकृष्ण भगवान के छप्पन भोग के महत्व को बताया। श्री राघवाचार्य जी महाराज ने बताया कि इस भोग से मन के विकार दूर होते है और मन की शुद्वि होती है। उन्होनें बताया कि भगवान इन्द्र जब प्रकोप में थे तब उन्होनें वर्षा करके कहर बरपाया। चारों और हाहाकार मच गई और गांव जलमग्रन होने लगे तभी भगवान श्रीकृष्ण ने गोर्वधन पर्वत उंगली पर उठा लिया इससे सभी गांव के लोग गोवर्धन पर्वत के नीचे आ गए और वहां शरण ली।

कथा व्यास श्री राघवाचार्य जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र का मान नष्ट करके गिर्राज पूजा कराई थी तब सभी बृजवासियों ने गोर्वधन पहुंचकर गिर्राज पूजन किया और 56 भोग लगाया। उन्होनें कहा कि आज भी वृदांवन में बांके बिहारी जी को दिन में आठ बार भोग लगाया जाता है क्योकि पूरे सात दिन भगवान श्रीकृष्ण ने भूखे प्यासे गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा था। इस मौके श्री रमेश गुप्ता, (राष्ट्रीय कोषधक्ष, विश्व हिन्दू परिषद) ने कहा कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए किसी ना किसी रूप में प्रकट होते है। इसलिए हमें भगवान पर हमेशा विश्वास रखना है और धर्म के रास्ते पर सदैव चलना है। इस अवसर पर पंजाब अग्रवाल समाज के सरंक्षक रमेश गुप्ता, रुलदू राम गर्ग, पवन गर्ग अध्यक्ष रान्ति देव गुप्ता, उपाध्यक्ष अवतार मित्तल, विजय गुप्ता, महासचिव बनवारी लाल गर्ग, सचिव अनिल गर्ग, वित्त सचिव राजेन्द्र कुमार गर्ग,कोषाध्यक्ष राकेश सिंगला , सतीश गर्ग, अश्वनी गर्ग, श्री कृष्ण सिंगल, प्रेम पसरीचा, कैलाश शर्मा,अनूप गुप्ता, दिनेश गोयनका, कालिदास गर्ग, पवन बंसल, आदि भक्त उपस्थित थे।

## सूरजकुंड मेला हमारे देश की मजबूत सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक: डीसी

### सूरजकुंड मेला की तैयारियों को लेकर डीसी ने सभी विभागों को दिए दिशा निर्देश



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** आगामी 7 फरवरी से शुरू होने वाला सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला इस बार भी अन्य वर्षों की तरह ज्यादा भव्य व विशाल होगा। 38 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले की तैयारियों को लेकर डीसी विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सूरजकुंड मेला हमारे देश की मजबूत सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। ऐसे में हमें मेले में किसी भी तरह की तैयारियों को लेकर कमी नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बार 38 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में उड़ीसा व मध्यप्रदेश थीम स्टेट हैं और बिम्सटेक-बांग्लादेश, भूटान, इंडिया,म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका व थाईलैंड इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन हैं और नॉर्थ ईस्ट हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन मेले का कल्चरल पार्टनर है, साथ ही दिल्ली मेट्रो टिकटिंग पार्टनर रहेगा। उन्होंने बताया कि सूरजकुंड मेला पूर्ण रूप से डिजिटलाइज्ड रहेगा और मेले से जुड़े हर पहलू की जानकारी सूरजकुंडमेला डॉट कॉ डॉट इन पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में सूरजकुंड मेले को भव्य ढंग से मनाने के लिए सभी तैयारियां प्रभावी रूप से की जा रही हैं और 7 से 23 फरवरी के बीच मेले के दौरान जहां हरियाणवी संस्कृति का संप्रेषण अन्य राज्यों व बिम्सटेक देशों तक पहुंचेगा वहीं वहां की संस्कृति से भी रूबरू होने का अवसर हरियाणा वासियों को मिलेगा।

डीसी ने निर्देश दिए कि मेले में सफाई, सडक़ों की व्यवस्था, लाईटिंग, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों सहित सभी सुविधाएं समय रहते व्यापक हों। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। इस अवसर पर मेला के नोडल अधिकारी एवं एडीसी साहिल गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अटल सत्य है मृत्यु : दुष्यंत चौटाला

### दुष्यंत चौटाला ने दी किसान नेता टीकाराम अधाना को श्रद्धांजलि



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** मृत्यु अटल सत्य है। इसलिए ईश्वर ने जो जोवन हमें दिया है उसे लोगों की सेवा और भलाई में लगाना चाहिए। यह बात हरियाणा के पूर्व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भारतीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और किसान नेता टीकाराम अधाना के श्रृद्धांजलि देने के उपरांत कहें। आपको बता दे कि टीकाराम गुर्जर इनेलो पार्टी के सबसे पहले जिलाध्यक्ष थे फरीदाबाद से। इसके अलावा वे जजपा बल्लभगढ़ के हल्का अध्यक्ष सौराज अधाना के बड़े भाई थे। गुर्जर आदोंलन में भी उन्होनें बढ़ चढक़र भाग लिया था और किरोड़ीमल बैंसला के बाद दूसरे नंबर पर उनका नाम आता था। पूर्व उप-मुख्यमंत्री ने आज टीकाराम गुर्जर के आकस्मिक निधन पर उनके ऊचां गांव स्थित निवास पर पहुंच कर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि टीकाराम जी जैसे समाज सेवी का जाना समाज के साथ साथ पूरे शहर के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होनें कहा कि टीकाराम जी ने अपने कार्यों को इतनी सहजता एवं प्रेमपूर्वक अंजाम दिया कि उनके व्यक्तित्व ने प्रत्येक के दिल में एक अमिट छाप बनायी। उन्हें सभी प्रेम एवं सम्मान देते थे। उन्होनें कहा कि यद्यपि हम सभी भौतिक रूप से उनकी रिक्तता का अहसास करते रहेगें परन्तु उनका महान जीवन,अतुल्य योगदान एवं उनकी शिक्षायें निरन्तर हमें प्रेरित करती रहेगीं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सभी प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे एवं सभी परिवार जनों को अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करे। इस अवसर जजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, इनसो जिलाध्यक्ष रवि शर्मा, हरमीत सिंह, तेजपाल डागर, अनिल खुटैला, विनोद अधाना, सतीश अधाना, महेश अधाना, मनोज अधाना, लाला अधाना सहित कई ग्रामीण मौजुद थे।


**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |



# 5 तरीकों से करें दूर लिवर में सूजन हमेशा रहेगा दुरुस्त

लिवर हमारे शरीर में रक्त को रिफाइन करता है और शरीर में मौजूद विषैले पदार्थों को खून में मिलने से बचाता है। लिवर फूड को तोड़ने, संक्रमणों से लड़ने और आपके रक्त से खराब कणों को बाहर करने का काम करता रहता है। आप इसके बिना नहीं जी सकते। शरीर के सबसे जरूरी अंगों में से एक लिवर हमारे शरीर को चलाने में अहम भूमिका निभाता है। हमारी लंबी आयु हमारे लिवर पर निर्भर करती है, क्योंकि स्वस्थ लिवर हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। लिवर को मानव शरीर का इंजन भी कहा जाता है। हमारी शारीरिक गतिविधियों के संचालन में लिवर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। लिवर हमारे शरीर में रक्त को रिफाइन करता है और शरीर में मौजूद विषैले पदार्थों को खून में मिलने से बचाता है। लिवर फूड को तोड़ने, संक्रमणों से लड़ने और आपके रक्त से खराब कणों को बाहर करने का काम करता रहता है। आप इसके बिना नहीं जी सकते। मौजूदा समय में खराब जीवनशैली के साथ-साथ खाने-पीने की गलत आदतों के कारण हमारे लिवर पर खासा बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जिसके कारण लोगों को फैटी लिवर या फिर लिवर में सूजन जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। अगर आप भी ऐसी ही किसी समस्या से जूझ रहे हैं तो हम आपको ऐसे 5 घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके जरिए फैटी लिवर और लिवर में सूजन की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

## ग्रीन टी

ग्रीन टी के फायदों के बारे में आपने ढेरों लेख पढ़े होंगे और उन लेखों को शायद अपने ऊपर ट्राई भी किया हो। ग्रीन टी न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि फैटी लिवर से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों को भी दूर करने में मदद करती है। ग्रीन टी में कई प्रकार के एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करते हैं, इसलिए फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहे लोगों को ग्रीन टी का सेवन अवश्य करना चाहिए।

## हल्दी

हर भारतीय की रसोई में पाई जाने वाली हल्दी में ढेरों एंटी-बायोटिक गुण होते हैं। हल्दी न केवल खाने में रंग को बेहतर बनाती है, बल्कि इसका इस्तेमाल चेहरे की रंगत को सुधारने के लिए भी किया जाता है। हल्दी शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ को बाहर निकालने और हेपेटाइटिस के खतरे को भी कम करने में मदद करती है। हल्दी के एंटीबायोटिक गुण हमारे लिवर को स्वास्थ्य को सुधारने और सूजन को कम करने में मदद करते हैं।


## कॉफी

मौजूदा समय में लोगों को सुबह उठते ही कॉफी चाहिए होती है, जो काफी हद तक उनके स्वास्थ्य को बरकरार रखने में मदद करती है। दरअसल कॉफी में भारी मात्रा में क्लोरोजेनिक एसिड पाया जाता है, जो लिवर में सूजन या फिर फैटी लिवर की समस्या को दूर करता है।

## जीरा

देश में सभी लोगों की रसोई में जीरा तो जरूर ही मिल जाएगा और ये हमारे लिवर में जमा गंदगी को बाहर करने में भी मदद करता है। जीरा, पाचन से लेकर फैट रिलीजिंग में भी मदद करता है। फैटी लिवर की समस्या से परेशान व्यक्ति सुबह उठकर जीरे का पानी पिएं, नियमित रूप से ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

## अखरोट



मौजूदा वक्त में खराब खान-पान के कारण बहुत से लोग लिवर में गंदगी जमा होने की समस्या से जूझ रहे हैं। अखरोट में ओमेगा-3 जैसा पोषक तत्व पाया जाता है और नियमित रूप से अखरोट का सेवन आपके लिवर में आई सूजन को कम कर देता है और साथ ही कैंसर के जोखिम को भी कम करने में मदद करता है।

## रेसिपी



### टेस्टी खीर

**सामग्री**

- गाढ़ा दूध: 2 लीटर
- मावा: 50 ग्राम
- बासमती चावल: 2 मुट्ठी
- कटे हुए मेवे: पाव कटोरी
- शक्कर: 4 बड़े चम्मच
- पिसी इलायची: आधा चम्मच
- 3-4 लच्छे केसर
- चुटकी-भर मीठा पीला रंग

**विधि**

सबसे पहले खीर बनाने से एक-दो घंटे पूर्व चावल धोकर पानी में गला दें। अब दूध को मोटे तले वाले बर्तन में लेकर गरम करके 10-15 उबाल लेकर पका लें। अब चावल का पूरा पानी निथार कर दूध में डाल दें और बीच-बीच में चलाती रहें। चावल पकने के बाद शक्कर डाल दें और शक्कर गलने तक दूध को लगातार चलाती रहें। बीच में छोड़े नहीं। अब मावे को किसनी से कद्दूकर कर लें और खीर में मिला दें। जब खीर अच्छी तरह गाढ़ी हो जाए तब उसमें मेवे की कतरन, इलायची डालें। एक अलग कटोरी में थोड़ा-सा गरम दूध लेकर केसर 5-10 मिनट के लिए उसमें गला दें। तत्पश्चात केसर घोंटें और उबलती खीर में डाल दें। अगर खीर केसरिया रंग की न दिख रही हो तो उसमें चुटकी-भर मीठा पीला रंग घोलकर डाल दें। अब तैयार हो रही खीर की 5- उबाली लेकर आंच बंद कर दें। तैयार मावे की केसरिया शाही खीर से पितृ को भोग लगाएं।

### ज्वार दलिया उपमा



**सामग्री**

- ज्वार दलिया भीगा हुआ
- हींग एक चुटकी
- राई : एक चम्मच
- 1 सूखी लाल मिर्च
- कड़ी पत्ता
- अदरक
- लौकी
- प्याज
- शिमला मिर्च
- टमाटर को बारीक काट लें
- एक चम्मच हल्दी
- एक नींबू
- धनिया पत्ता

**विधि**

पानी को अच्छे से गर्म कर लें। भीगे हुए दलिए को निकाल कर इसे गर्म पानी में नमक डालकर हल्का गर्म करें। जब तक यह गर्म हो पैन में कुकिंग आयल डालकर इसमें राई, हींग, लाल मिर्च कड़ी पत्ता डालकर हल्का भूनें। इसके बाद इसमें हरी मिर्च अदरक और प्याज डालकर इन्हें भूनें। इसके बाद सभी बारीक कटी हुई सब्जियों को भी हल्का भूनकर पका लें। इसके बाद इस मिक्सचर में उबला हुआ दलिया मिलाएं और कुछ मिनट पकाएं। इसके बाद धनिया पत्ता डासकर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा) — शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 3406




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




### काकुरो - 3405 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन और चमन दवा बेचने का काम करने लगे।

चमन- यह दवा ले लीजिए, इसे खाने वाला सदा जवान रहता है, कभी बूढ़ा नहीं होता। मुझे देखिए अभी मेरी उम्र अभी सिर्फतीन सौ साल है।

दुकानदार (पास खड़े व्यक्ति से बोला)- क्या तुम्हें ये तीन सौ साल के लगते हैं।

रमन- यह मैं कैसे बताऊँ! मैं तो इनके साथ डेढ सौ साल से हूँ।

□ □ □

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।


चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3406



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्री, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3405



## सूडोकु -3406

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3405 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## शब्द पहेली - 3406



**बाएँ से दाएँ**

1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली -3405 का हल



# पीएम- सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना से सबसिडी पर सोलर पैनल लगवाएं, बिजली खर्च घटाएं : अतिरिक्त उपायुक्त

### एडीसी प्रदीप सिंह मलिक की जिलावासियों से अपील, पीएम- सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं

### सौर ऊर्जा से घर जगमगाने का सुनहरा मौका, पीएम-सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना में सरकार दे रही विशेष सबसिडी

### सौर ऊर्जा से घर जगमगाने का सुनहरा मौका, पीएम-सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना में सरकार दे रही विशेष सबसिडी।



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने बताया कि पीएम- सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का लाभ उठाते हुए अंत्योदय परिवार अपने घर को आसानी से रोशन कर सकते हैं। अंत्योदय एवं अन्य कैटेगरी के परिवारों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। इस योजना के तहत सामान्य कैटेगरी के उपभोक्ताओं को एक किलोवाट पर 30 हजार रुपए की सबसिडी, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपए की सबसिडी और तीन किलोवाट पर 78 हजार रुपए की सबसिडी दी जाती है, जोकि सीधा उपभोक्ता के बैंक खाते में भेजी जाती है। अंत्योदय उपभोक्ताओं को यह सबसिडी के अलावा एक किलोवाट पर 25 हजार, 2 किलोवाट पर 50 हजार रुपये की केंद्र सरकार द्वारा अतिरिक्त सबसिडी प्रदान की जाती है। यदि कोई उपभोक्ता तीन किलोवाट से ऊपर सोलर पैनल लगवाते हैं तो भी केवल 78 हजार रुपए तक ही सबसिडी दी जाएगी। यह योजना शहरी एवं ग्रामीण सभी घरेलू कनेक्शन के लिए मान्य है। सभी कैटेगरी के उपभोक्ता इस योजना का लाभ आसानी से उठा सकते हैं। इस योजना की सम्पूर्ण जानकारी द्धह्लह्लश्चह्य://श्चद्वह्यह्वह्म्4द्द द्धड्डह्म्.द्दश1.द्वठ्ठ पर प्राप्त की जा सकती है। एडीसी प्रदीप सिंह मलिक ने लोगों से अपील की है कि इस योजना का लाभ उठाएं। इसके लिए बैंक लोन की भी सुविधा उपलब्ध है। इस योजना का लाभ लेने के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि इस योजना को अपनाकर गरीब परिवार एक तरह से नि:शुल्क अपना घर रोशन कर सकते हैं। अंत्योदय परिवारों को केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सबसिडी के साथ-साथ हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही अतिरिक्त आर्थिक मदद का भी लाभ मिलता है। अंत्योदय परिवार के तहत आवेदन के लिए फैमिली आईडी का होना आवश्यक है। अंत्योदय परिवार के तहत आवेदन के लिए फैमिली आईडी का होना आवश्यक है। जिले में करीब 10 हजार कनेक्शन योजना के तहत जारी किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**इन नियम के तहत होगा आवेदन**

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के साथ ही हरियाणा सरकार ने भी अपने बिजली उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सहायता देने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत विशेष तौर पर गरीब एवं अंत्योदय परिवारों को शामिल किया गया, जिसमें 1 लाख 80 हजार रुपए तक की आय वाले और 3 लाख रुपए तक की आय वाले उपभोक्ता शामिल हैं, इसके साथ ही इन उपभोक्ताओं के मकान का स्वीकृत लोड केवल 2 किलो वाट तक का ही होना आवश्यक है जिसमे साल भर में केवल 2400 यूनिट तक ही बिजली खपत होनी चाहिए।

एक लाख अस्सी हजार रुपए तक की आमदनी वाले उपभोक्ता को प्रति किलो वाट 25 हजार रुपये तक की सबसिडी मिलती है और यह केवल 2 किलोवाट तक ही मिलेगी। इसके साथ ही उपभोक्ता को भारत सरकार की सबसिडी का भी लाभ मिलेगा। यानी सोलर कनेक्शन एक तरह से फ्री में मिलेगा। इसी प्रकार से सोलर कनेक्शन के लिए 1 लाख 80 हजार रुपए से तीन लाख रुपए तक की आमदनी वाले उपभोक्ता को 10 हजार प्रति किलो वाट सबसिडी के रूप मिलेंगे जोकि 2 किलो वाट तक है।

**सोलर सिस्टम लगभग कितना लगवाएं**

प्रति महीना डेढ़ सौ यूनिट की खपत वाले उपभोक्ता 1 से 2 किलो वाट तक, डेढ़ सौ से 300 यूनिट खपत वाले उपभोक्ता दो से तीन किलोवाट तक और 300 यूनिट से ऊपर की खपत के उपभोक्ता 3 किलोवाट से ऊपर का सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं।

**रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन भी उठा सकते हैं निगम इस योजना का लाभ**

बिजली निगम की इस योजना के तहत आम उपभोक्ता के साथ-साथ रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को भी शामिल किया गया है जो अपने संस्थान पर इस योजना के तहत सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं और सबसिडी का लाभ ले सकते हैं।

## जिला के सभी पशुओं की होगी गणना : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा द्वारा 21वीं पशुगणना का कार्य किया जा रहा है। जिला में आगामी 31 मार्च तक 21वीं पशुगणना का कार्य पूर्ण किया जाएगा। इसके लिए पशु चिकित्सक डॉ. सतीश कुमार को बतौर जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस पशुगणना में 04 प्रगणक शहारी क्षेत्र में तथा 74 ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रगणक घर-घर जाकर पशुओं की गणना करेंगे व 14 सुपरवाइजर इन प्रगणक के कार्य की समीक्षा व निगरानी करेंगे। 21वीं पशुगणना लाइवस्टॉक एप के जरिए होगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि देश में सर्वप्रथम सन 1919 में पशुगणना का कार्य किया गया और अब तक 20 बार पशुगणना का कार्य किया जा चुका है। जिले के ग्रामीण इलाकों के सभी गांव व सभी शहरी वार्डों के पशुओं की गणना की जाएगी। इसमें गाय, भैंस, ऊंट, घोड़े, गधे, कुत्ते, भेड़, बकरी व पोल्ट्री इत्यादि की गणना की जाएगी। पशुओं की गणना के साथ उनकी प्रजाति और नस्ल की गणना भी होगी। गौशाला की गाय, घर के पालतू पशु व सडक़पर घुमने वाले बेसहारा पशुओं की गणना भी की जाएगी। जिला नूंह के 2019 में हुई 20वीं पशुगणना के अनुसार गाय 30088, भैंस 174867, भेड़ 5522, बकरी 26948, घोड़ा 127, पोनी 4, खच्चर 29, गधा 70, सुअर 761, ऊंट 303, कुत्ता 256, खरगोश 1963 की संख्या है। उपायुक्त ने जिला के पशुपालकों से अपील की है कि वे इस पशुगणना कार्य में पशुपालन विभाग की टीम का सहयोग करते हुए इस कार्य को पूर्ण करवा। इस मौके पर पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. नरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जब प्रगणक अपनी गणना पूरी कर लेंगे तब उस क्षेत्र से संबंधित सुपरवाइजर के तौर पर काम करने वाले अधिकारी उसका निरीक्षण करेंगे व अपनी रिपोर्ट जिला नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। इस कार्य का कम से कम 25 प्रतिशत कार्य का सुपरवाइजर निरीक्षण करेंगे। इस उक्त कार्य से संतुष्ट होने पर उसे स्वीकृत या असंतुष्ट होने पर अस्वीकृत संबंधित पर्यवेक्षक द्वारा किया जाएगा। रिपोर्ट अस्वीकृत होने पर संबंधित प्रगणक दोबारा गणना करेंगे। 21वीं पशुगणना के लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रैनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा चुका है। गणना के दौरान 16 प्रजातियों के पशुओं का आंकड़ा लिया जाएगा जोकि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के निर्माण में सहायक होगा तथा साथ ही ये सूचना वर्तमान में पशुओं और पशुपालन के प्रति रूझान का आंकलन करेगी।

## ठंड से अपने पशुओं को बचाएं पशुपालक : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिला में शीतलहर से पशुओं के बचाव के लिए पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। शीत लहर में पशुओं का तापमान कम हो जाता है व सांस लेने तकलीफ होने लगती है। इसके अतिरिक्त खांसी व निमोनिया जैसी बीमारियां होने लगती है जिसके कारण पशु खाना पीना छोड़ देते हैं व दूध उत्पादन भी कम हो जाता है। शीत लहर से बचाव करके इन बीमारियों से पशुओं को बचाया जा सकता है। कमजोर व नवजात पशुओं पर शीत लहर का प्रभाव ज्यादा पड़ता है। शीत लहर से बचाव के लिए पशुओं को उचित खुराक, गुड़ व मिनरल मिश्रण अवश्य देना चाहिए। पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के उप निदेशक डॉ. नरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि धूप निकलने पर ही पशुओं को बाहर निकाले तथा पशुओ पर कंबल इत्यादि डाल कर रखे। यदि पशुओं में ठंड के कोई लक्षण दिखाई दे तो तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि शीत लहर से बचाव हेतु पशुपालकों को अतिरिक्त सावधानियां बरतनी चाहिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पशुओं को कृमिनाशक दवाईयां दिलवाई जाए, गुड़ व खनिज मिश्रण नियमित तौर पर देते रहे, पशुओं को नहलाने के लिए गर्म व गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें, पशुओं के बैठने के स्थान को सूखा रखे, पशुओं के टीन शेड को पराली से ढक कर रखे, धूप निकलने पर ही पशुओं को बाहर निकाले, नवजात पशुओं को रात के समय बोरी या तिरपाल से ढक कर रखे, पोल्ट्री फार्म को कृत्रिम रोशनी द्वारा गर्म रखे तथा पशुओं को खुले स्थान पर ना घुमने दें।

## हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

### विपिन ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय और प्रिया ने पाया तीसरा स्थान

### प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास और नशे का नाश- यही है हमारा प्रयास- डॉ अशोक कुमार वर्मा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं।

आज वे राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे हुए थे। विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एकत्रित विद्यार्थियों के साथ एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ये प्रतियोगिता नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत कराई गयी। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने प्रश्न पत्र तैयार किया जिसमें 10 प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रश्न का उचित उत्तर देने पर 2 अंक निर्धारित किये गए तो दूसरी और उचित उत्तर न देने पर 3 अंक काटने का प्रावधान रखा गया। यदि कोई प्रतिभागी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देता तो कोई अंक नहीं काटा गया।

प्रतियोगिता में 12 वीं कक्षा के विपिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमांशी ने द्वितीय तो प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का आशय युवाओं में नशे से दूर रहकर प्रतिस्पर्धा की भावना का सृजन करना है ताकि नशा मुक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण हो सके। युवा देश की धरोहर हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य विजय प्रतीक धनखड़, शिक्षक ज्ञान सिंह सहरावत, शिक्षक यादव आदि उपस्थित रहे।

## जनता की शिकायतों का अविलम्ब समाधान ही जिला प्रशासन का ध्येय : एसडीएम



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे, जिनमें पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद, सडक़निर्माण, बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। शिविर में एसडीएम प्रदीप अहलावत ने नागरिकों की समस्याएं सुनी व संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और लोगों को समयबद्ध सेवा प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि जिले में 10 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिनके समाधान के लिए सभी संबधित अधिकारियों को भेज दिया गया है तथा सभी को निर्देश दिए गए है कि समय रहते आने वाली शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करें। इसी कड़ी में जिला स्तर पर 08 व उपमंडल स्तर पर पुन्हाना में 02 शिकायतें प्राप्त हुई है। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य है कि लोगों की समस्याओं को त्वरित और प्रभावी तरीके से हल किया जा सके। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन और जनता के बीच एक मजबूत संवाद स्थापित हो। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही हैं। विभागों द्वारा पूरी गंभीरता के साथ शिकायतों पर एक्शन लेते हुए उनका समाधान किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में जिला स्तरीय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है व नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही जिला प्रशासन का ध्येय है।

## फर्जी डेथ सर्टिफिकेट तैयार कर हरियाणा सरकार द्वारा अप्राकृतिक देहांत स्कीम के रुपये हड़पने के जुर्म में सी.एस.सी संचालक सहित 02 गिरफ्तार



### आरोपी जॉब कार्ड के मजदूरों का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनाकर उनके परिजनों के ऑनलाईन खाते खुलवाकर उनमें डलवाते थे 2,15,000 रुपये

### नूंह साइबर थाने में दर्ज हुआ मुकदमा, दो मोबाईल फोन व दो सिम कार्ड बरामद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** विजय प्रताप पुलिस अधीक्षक नूंह के मार्ग दर्शन में निरीक्षक विमल राय प्रबंधक थाना साईबर क्राईम नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है, जो जॉब कार्ड के मजदूरों के तकनीकी साहयता से सम्पादन करके फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनाकर फेक मोबाईल नम्बर से खाते खुलवाकर लैबर डिपार्टमेंट की मिलीभगत से खाता में 2,15,000 रुपये डलवाकर धोखाधडी के माध्यम से रुपये हडपते थे । पुलिस ने आरोपीयों के कब्जे से दो मोबाईल फोन, दो सिम कार्ड व अन्य सामान बरामद किया है। सोनाक्षी सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हनीफ पुत्र अली जान निवासी वार्ड नं.-03 डल्लावास पुन्हाना ने एक शिकायत, जिसमें सब-रजिस्ट्रार के फर्जी हस्ताक्षर से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर हरियाणा सरकार के खजाने से 2,15,000 रुपये अरबाज खान पुत्र सर्बबिर निवासी वार्ड नं. 11 नकनपुर थाना पुन्हाना तथा सी.एस.सी. संचालक जाबिर पुत्र अब्दुलल करीम निवासी फिरोजपुर नमक द्वारा मिलकर राशी हडपने बारे थाना साईबर क्राईम नूंह में पेश की जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की गई । जांच के दौरान तकनीकी विधि व बैक चैक ट्राजेक्शेन के आधार पर गहनता से विश्लेषण करने उपरांत गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अरबाज खान तथा सी.एस.सी. संचालक जाबिर उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया । जिनके कब्जा से दो मोबाईल फोन व दो सिम कार्ड बरामद हुये।

पुछताछ पर आरोपीयों ने बतलाया कि लैबर कॉपी वालों को सरकार द्वारा अप्राकृतिक देहांत होने पर 2,15,000 रुपये की सहायता दी जाती हैं। जो आरोपियों ने मिलकर योजना बनाई कि लोगों को फर्जी तरीके से मृत दिखाकर लैबर विभाग की मिलीभगत से पैसा कमाते हैं । योजना के मुताबित आरोपियों ने मजदुरों के लैबर कॉपी कागजजात, पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि दस्तावेज लेकर उनके फर्जी मोबाईल नम्बर द्वारा ऑनलाईन खाता खुलवाकर तकनीकी सहायता से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर मुआवजा राशी के लिए ऑनलाईन अप्लाई करके युजर आईडी व पासवर्ड के माध्यम से लैबर विभाग से मिलीभगत कर मुद्दई के वारिशों के खातों में 2,15,000 रुपये ड़लवाकर अलग-2 खातों में वितरित करके पैसे हड़प लिये । पुलिस आज आरोपियों को अदालत में पेश कर और अधिक गहनता से पुछताछ के लिए रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही हैं। वहीं साइबर पुलिस ने अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कॉल या सोशल मीडिया संदेश पर भरोसा न करें । ऐसे मामलों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें । ऐसे ठगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## अनाज मंडी में मनाया जाएगा गणतंत्र समारोह : संजीव कुमार



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसडीएम संजीव कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपमंडल स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम संजीव कुमार ने कहा कि हर वर्ष की भांति भी इस वर्ष गणतंत्र दिवस उपमंडल स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की समय रहते सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण करने ले। एसडीएम संजीव कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह अनाज मंडी में मनाया जाएगा। जिसकी साफ-सफाई के लिए सचिव मार्किट कमेटी व सचिव नगरपालिका, तावडू को निर्देश दिये गए है। उन्होंने कहा कि फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को आयोजित की जाएगी तथा जिसके लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी, तावडू को निर्देश दिये कि वे स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित किए जाने सभी कार्यक्रमों की अच्छे में तैयारियां करवानी शुरू कर दे। बैठक में डीएसपी तावडू देवेंद्र सिंह, तहसीलदार तावडू अजय वर्मा, सचिव नगरपालिका, सुमित शर्मा, सचिव मार्किट कमेटी, विरेन्द्र कुन्डु, वन विभाग से अनूप सिंह, जे.ई. बिजली विभाग राजेश, खंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस पर हमला करने के चार दोषी भाईयों को अदालत ने सुनाई सात-सात साल की सजा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** तावडू के कांगरका गांव में करीब सात साल पहले पुलिस टीम पर हमला करने के चार भाइयों को अतिरिक्त सत्र न्यायधीश सुशील कुमार की अदालत ने दोषी माना है। जिन्हे सात-सात साल की सजा देने का फैसला सुनाया है। इसके अलावा 18-18 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने की सूरत में दोषियों को एक महीने अतिरिक्त जेल में बिताने होंगे। वर्ष 2018 में दोषियों ने नूंह सीआईए टीम पर हमला कर हत्या के एक आरोपी को छुडा लिया था। उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह हरिंद्र कुमार ने बताया कि 12 जनवरी वर्ष 2018 को हत्या के एक मामले में आरोपी जाकिर निवासी कांगरका को नूंह सीआईए टीम ने उनके मकान से दबोचा था। जिनके शोर मचाने पर उनके परिजन आए, जिन्होंने पुलिस पर हमला कर दिया। इस दौरान फायरिंग भी की गई। हमला करने वालो में एक ही परिवार के लोग शामिल थे। हमले में एसआई भगत सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ था। जिनके बयान पर तावडू सदर थाना पुलिस ने दस आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। जिनमें चार महिलाओं सहित छह को पुलिस जांच में निर्दोष पाया गया।

## 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां शुरू, डीसी विक्रम सिंह ने ली अधिकारियों की बैठक

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** देश का 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह, 26 जनवरी को जिले में देशभक्ति के साथ गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां शुरु हो गई हैं। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड ग्राउंड में मनाया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए समारोह को भव्य ढंग से मनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह देश की एकता व अखंडता के साथ ही संविधान की संरचना का शुभ दिन है, ऐसे में इस दिवस को हर वर्ष की भांति इस बार भी व्यवस्थित



ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह को भव्य बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर समय से पूरी तैयारी की जाए। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शहीद वीरांगनाओं, स्वतंत्रता सेनानियों,वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया जाएगा और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के इस पावन समारोह को मनाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ टीम के तौर पर कार्य करें। डीसी ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर सामाजिक समरसता का संदेश देती तथा सरकार की जनहितकारी नीतियों के प्रति जागरूक करती झांकियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को अपने विभाग की उत्कृष्ट झांकी का प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। समारोह की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग को भी उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए टीमों का चयन करेंगे।

## संपादकीय

# चिन्ता में डूबी दुनिया और फिर एक वायरस




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना को झेल चुकी दुनिया पर एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण की खबर ने दुनियाभर को चिंता में डूबो दिया है, बाजार से लेकर सामान्य जन-जीवन तक में डर, खौफ, अफरा-तफरी एवं असमंजस्य का माहौल व्याप्त है। कोविड-19 और अन्य श्वसन वायरस की तरह एचएमपीवी भी खांसने, छींकने और संक्रमित लोगों के निकट संपर्क से उत्पन्न बूंदों या एरोसोल के माध्यम से फैलता है। बुखार, सांस फूलना, नाक बंद होना, खांसी, गले में खराश और सिरदर्द इसके सामान्य लक्षण हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि कुछ मरीजों को इस संक्रमण के कारण ब्रोंकाइटिस और निमोनिया हो सकता है। एचएमपीवी के खिलाफ कोई टीका या प्रभावी दवा नहीं है और इलाज ज्यादातर लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए होता है। चीन में सांस की बीमारियों के बढ़ते मामलों की खबरों के बाद, भारत सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ से स्थिति पर लगातार अपडेट देने का अनुरोध किया है। नये वर्ष में प्रवेश की शुभबेला में एकाएक इस महामारी की खबर से दुनिया भौचक्क एवं खौफ में आ गयी है। क्योंकि कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए वायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वहां हालात बेकाबू हो रहा हैं, अस्पतालों के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। हालांकि, हर बार की तरह चीन का कहना है कि मीडिया खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। ये मौसम बदलने का असर है। ठंड बढ़ने से आमतौर पर लोग खांसी-जुकाम की समस्या से जूझते हैं। ये भी मौसम की वजह से ही हो रहा है। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर के अंत में चीनी सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 14 वर्ष और उससे कम आयु के मामलों में एचएमपीवी की पॉजिटिव दर में हाल ही में वृद्धि हुई है। एचएमपीवी वायरस से छोटे बच्चे, वृद्ध और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग ज्यादा प्रभावित हुए है। चीन के साथ ही दुनिया के अनेक हिस्सों से इस महामारी से पीड़ित लोगों की खबरें आ रही है। भारत में भी चीन का खतरनाक वायरस एचएमपीवी पहुंच गया है। खबरों की मानें तो बेंगलुरु में 8 महीने का एक बच्चा एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाया गया है। बच्चे का ब्लड टेस्ट किये जाने के बाद ये दावा किया जा रहा है। यह भारत में एचएमपीवी वायरस का पहला मामला है। हालांकि, भारत में एचएमपीवी वायरस के मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई। चीन में सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि इन्फ्लूएंजा ए, एचएमपीवी, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड सहित कई वायरस फैल रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एचएमपीवी मामलों में वृद्धि के कारण अचानक मृत्यु दर में चिंताजनक वृद्धि हुई है तथा 40 से 80 वर्ष की आयु के लोग विशेष रूप से इससे प्रभावित हुए हैं। चीन की जिम्मेदार एजेंसियां इस वायरस के दुष्प्रभाव को घटाने में लगी हैं और यह उम्मीद की जा रही है कि चीन इस रोग पर लगाम लगाने में कामयाब हो जाएगा। चीन अपने यहां कोरोना वायरस पर भी लगाम लगाने में एक हद तक कामयाब रहा था। लेकिन वह दूसरे देशों में उसे फैलने से नहीं रोक पाया। लेकिन इस बार अब यह उम्मीद करनी चाहिए कि सजग चीन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने यहां से किसी भी संदिग्ध को किसी दूसरे देश की यात्रा न करने दें। साथ ही इस महामारी पर नियंत्रण पाने में जिस विधि एवं उपचार पद्धति से वह सफलता पाये, उसे समूची दुनिया से साझा करें, ताकि महामारी से महाविनाश का प्रकोप व्यापक न बन सके। एचएमपीवी का संक्रमण व्यक्तिगत संपर्क से बढ़ रहा है। अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के किसी सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छुए या उसके सम्पर्क में आये तो संक्रमण का खतरा बताया जा रहा है। यह वायरस चूंकि नया है, तो इसका अभी कोई टीका नहीं है। इसकी कोई एंटीवायरल दवा भी नहीं है। यह अच्छी बात है कि अधिकांश मामलों में लोगों को मामूली समस्याएं आ रही हैं। ज्यादातर लोग लक्षण के अनुरूप उपचार और आराम से ही ठीक होते जा रहे हैं। चीन ने साफ तौर पर कुछ बताया नहीं है, मगर अनुमान यही है कि गंभीर मामलों में लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन थेरेपी या कॉर्टिकोस्टेरॉइड उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अगर मानें, तो इस वायरस का संक्रमण अक्तूबर महीने से ही बढ़ रहा है। अच्छा यही है कि यह बीमारी मौसमी साबित हो और कम से कम लोगों के जीवन पर असर डाले। कोरोना महामारी तो महाविनाश का कारण बनी थी, एचएमपीवी ऐसा अनर्थ ना करें। चीन की साख कोरोना महामारी के कारण बहुत गिरी थी, दुनियाभर में लोगों के स्वास्थ्य पर हमला करने वाला चीन दुनिया की नजरों से गिर गया था। आखिर चीन अच्छी-अच्छी वस्तुओं, तकनीक एवं साजोसामान का निर्यात करते-करते महामारियों का निर्यातक क्यों बन गया? स्वास्थ्य एवं वैज्ञानिक क्रांति के लिये अग्रणी चीन अपने यहां आए दिन हो रहे ऐसे संक्रमण को लेकर सजग क्यों नहीं है? अब यह सवाल बिल्कुल जायज है कि वैज्ञानिक या कृत्रिम तरक्की की होड़ में कहीं चीन अपने लोगों के बुनियादी स्वास्थ्य की अनदेखी तो नहीं कर रहा है? कहीं चीनियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता समाप्त या बहुत कम तो नहीं हो गई है? वे बार-बार किसी-न-किसी प्रकार की महामारी की चपेट में आ रहे हैं और सम्पूर्ण मानव जाति को इससे पीड़ित बना रहे है तो यह गंभीर बात है। क्या इसका बड़ा कारण चीनी लोगों को खान-पान है? जरूरत से ज्यादा सुविधावादी जीवनशैली, कृत्रिम संसाधनों की प्रचुरता एवं अप्राकृतिक जीवन उनकी सेहत पर भारी पड़ रहा है। ध्यान रहे कोरोना महामारी के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिका संतोषजनक नहीं थी। कोरोना महामारी की भयावहता के बावजूद वह चीन के प्रति उदार बना रहा। इसलिये एचएमपीवी महामारी के सन्दर्भ में सवाल उठ रहे हैं कि क्या डब्ल्यूएचओ गंभीरता दिखाते हुए पर्याप्त कदम उठायेगा? क्या उसने कोरोना महामारी के समय चीन से सही सवाल पूछे होते तो इस बीमारी के संभावित खतरे को नियंत्रित किया जा सकता था? क्या कोरोना बीमारी को लेकर विश्व को समय से सलाह न दे पाने में नाकाम रहने के लिए उसे जिम्मेदार माना जाना चाहिए? इस नयी महामारी को लेकर भी इन्हीं कारणों से डब्ल्यूएचओ पर ज्यादा विश्वास कैसे किया जा सकता है? भारत में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ.अतुल गोयल ने शुक्रवार को कहा कि एचएमपीवी एक सामान्य सांस संबंधी वायरस है जो सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। कुछ लोगों को, खासकर बुजुर्गों और शिशुओं को, फ्लू जैसे लक्षण हो सकते हैं। लेकिन यह कुछ गंभीर या चिंताजनक नहीं है।' डॉ. गोयल ने भले से मनोवैज्ञानिक तरह से एचएमपीवी वायरस को गंभीर न बताकर इसके आतंक को कम कर दिया है, सरकार भी इस महामारी को लेकर सतर्क है, लेकिन फिर भी इस नये वायरस की त्रासदी एवं संकट से जूझ रहे विश्व-मानव को सावधान रहना चाहिए। विभिन्न देशों की सरकारों एवं डब्ल्यूएचओ का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य के स्तर को ऊंचा उठाना है। हर इंसान का स्वास्थ्य अच्छा हो और महामारी का शिकार होने पर हर व्यक्ति को अच्छे प्रकार के इलाज की अच्छी सुविधा मिल सके, ऐसे प्रयास करने है। इक्कीसवीं सदी की पहली रजत जयन्ती वर्ष की शुरुआत नये वायरस की महामारी के रूप में एक वैश्विक त्रासदी के साथ होना दु:खद है।

# भारी वाहनों की टक्कर में डीजल टैंक फूटा, तापमान में कमी होने से नहीं हुई आगजनी

**कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाईवे- 24 पर पूजा फिलिंग स्टेशन के समीप सुबह साढे 4 बजे घटित हुआ हादसा**



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाइवे नम्बर 24 पर बुधवार सुबह करीब साढे 4 बजे घटित सडक हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महेंद्रगढ की ओर से एक भारी वाहन कनीना की ओर जा रहा था जबकि वैसा ही एक वाहन सामने से आ रहा था। वाहन जब पूजा फिलिंग स्टेशन के समीप पंहुचे तो उनमें आमने-सामने की भिडंत हो गई। इस टक्कर में एक वाहन का डीजल टैंक फूट गया, जिससे सडक पर तेल बिखर गया। गनीमत रही तापमान में गिरावट होने की वजह से आगजनी की घटना न हो सकी। अन्यथा भारी नुकसान हो सकता था, बडा हादसा टल गया। दूसरा वाहन भी शीशे चटकने के साथ-साथ क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद सडक पर खडे वाहनों के कारण सडक जाम की स्थिति बन गई। राहगीरों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस तथा फायर ब्रिगेड को दी। जिन्होंने कुछ समय बाद ही मौके पर पंहुच कर मोर्चा संभाला। पुलिस ने एक वाहन में फंसे चालक व परिचालक को निकाल कर उप नागरिक अस्पताल कनीना मे दाखिल कराया जबकि दूसरे वाहन का चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस तथा दमकल कर्मियों ने जेसीबी मशीन की मदद से दोनों वाहनों को साइड कर यातायात बहाल कराया। कनीना शहर थाना पुलिस पुलिस इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# पिनगवां में पंचायत की दुकानों पर अवैध कब्जा हटाने के लिए बीडीपीओ के नेतृत्व में चला पीला पंजा

**दो वर्ष पहले ग्राम पंचायत द्वारा लीज पर छोड़ी गई थी 81 दुकानें**

**21 दुकानों पर चला पीला पंजा**

**दुकानदारों ने कहा बगैर नोटिस दिए तोड़ा समान, हुई गैरकानूनी कार्यवाही**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिले की सबसे ज्यादा मुनाफे वाली पिनगवां पंचायत की 21 दुकानों पर बुधवार को पिनगवां के बीडीपीओ सुरजीत सिंह ने पिनगवां सरपंच पति व भारी पुलिस बल के साथ अवैध कब्जा किए गए लोगों को हटाने के लिए पीला पंजा चलाया, जबकि इन दुकानों पर पिछले 15 सालों से अपनी दुकान खोलकर बैठे दुकानदारों ने इस कार्यवाही को गलत व बगैर किसी नोटिस के सरपंच व बीडीपीओ की तानाशाही बताकर गैरकानूनी बताया है। आपको बता दें कि पिनगवां पंचायत हरियाणा की उन पंचायतों में शुमार है,जिनकी अपनी पंचायत की आमदनी करोड़ों रुपए में है। पंचायत की पिनगवां कस्बे में मैन रोड पर 81 दुकानें हैं। जिनको जिनको दो साल पहले लीज पर छोड़ा गया था। दो साल पहले पंचायत की सभी दुकानों पर खुली बोली लगाई गई थी, जिनको लोगों ने खुली बोली लगाकर लीज पर लिया था लेकिन सरपंच पति मनोज का आरोप है कि कुछ लोगों ने दुकान खाली नहीं की और उन पर कब्जा किया हुआ था, जिसकी उन्होंने बीडीपीओ कार्यालय, डीसी और हरियाणा एवं पंजाब हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा कि बुधवार को बीडीपीओ के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने का अभियान भारी पुलिस बल के साथ चलाया गया है, जिसमें अवैध तरीके से कब्जा की गई दुकानों पर दुकानदारों को हटाया जा रहा है। इस दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरजीत सिंह ने कहा कि सरपंच द्वारा उन्हें शिकायत मिली कि कस्बे की ग्राम पंचायत की दुकानों पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है और जिन लोगों ने बोली लगाई थी उनके लिए दुकान नहीं छोड़ रहे हैं। जिससे भारी पुलिस बल के साथ दुकानों को खाली कराया गया है। इन दुकानों पर सील लगा दी गई है, एक सप्ताह बाद ये लीज पर लेने वाले दुकानदारों को सौंप दी जाएगी। वहीं ग्रामीणों द्वारा कस्बे में मैन रोड पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए भी मांग की गई। लेकिन इस बारे में जब बीडीपीओ से पूछा तो उन्होंने कहा कि पंचायत की 21 दुकान है जिन पर अवैध तरीके से लोग बैठे हुए थे। उनको खाली कराकर उनमें पंचायत का ताला लगाकर सील लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि अगर ग्राम पंचायत द्वारा उन्हें अतिक्रमण की शिकायत मिलेगी तो वो वो पिनगवां के मैन रोड पर अतिक्रमण हटाने का भी काम करेंगे।

**मौके पर रहा भारी पुलिस बल तैनात**

इस दौरान पिनगवां थाना प्रभारी सुभाष के नेतृत्व में कस्बा पिनगवां में हो रही कार्यवाही के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि किसी प्रकार की कोई अनहोनी ना हो, इसके लिए सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं।

**दुकानदारों में कार्यवाही को लेकर दिखी नाराजगी, बताया गैरकानूनी**

वहीं दुकानदारों में इस कार्यवाही को लेकर भारी नाराजगी देखने को मिली,इस दौरान जहां दुकानदारों ने सरपंच को हर माह अपनी दुकानों के पैसे देने की बात कही,वही उन्होंने कहा कि उनकी दुकानों को बगैर किसी नोटिस के तोड़ा गया है। दुकानदारों ने कहा कि उनका माननीय हाईकोर्ट में कैश चल रहा है, लेकिन इस तरह की कार्रवाई कर सरपंच और प्रशासन ने उनके साथ तानाशाही रवैया अपनाया है। जिससे उनका काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने नूंह उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से पिनगवां की 81 दुकानों की जांच की मांग की है। जिनको दो साल पहले लीज पर छोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि इन दुकानों में मोटा भ्रष्टाचार हुआ है,जिसकी जांच के बाद परतें खुल जाएंगी।

# गणतंत्र दिवस समारोह को गौरवमयी ढंग से मनाया जाए : अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक

## अतिरिक्त उपायुक्त ने समारोह की तैयारियों के संबंध में दिए निर्देश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए सभी तैयारियां व प्रबंध समयबद्ध सुनिश्चित किए जाएं। समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम व पीटी एवं डंबल शो, सरकार की योजनाओं की जानकारी से परिपूर्ण आकर्षक झांकियां, मार्च पास्ट सहित सभी तैयारियां अच्छी प्रकार से की जाएं, ताकि इस राष्ट्रीय पर्व को गौरवमयी ढंग से मनाया जा सके। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह में धूमधाम से मनाया जाएगा।



अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस रूम में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने समारोह को भव्य और सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस समारोह को सफलतापूर्वक मनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय व जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। यह राष्ट्रीय पर्व देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है और इसे गरिमापूर्ण तरीके से मनाना हम सबका कर्तव्य है।

उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे इस समारोह में बड़ी संख्या में भाग लें और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आनंद लें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शहीद वीरांगनाओं, स्वतंत्रता सेनानियों,वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया जाए और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। सभी विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों के नामों की सिफारिश पूर्ण विवरण सहित 16 जनवरी तक उपायुक्त कार्यालय को भिजवा दें। समारोह में सामाजिक समरसता का संदेश देती तथा सरकार की जनहितकारी नीतियों के प्रति जागरूक करती झांकियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अच्छी तैयारी करवाई जाए**

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों की तैयारी अच्छी प्रकार से करवाए। यह कार्यक्रम करीब 30 मिनट तक आयोजित होगा, इसलिए बच्चों की ड्रेस व नृत्य की तैयारी बेहतर हो और गीतों का चयन ध्यानपूर्वक किया जाए। इन कार्यक्रमों में देशभक्ति की भावना को प्रकट करने वाले गीत, नृत्य व नाटक शामिल किए जाएं। साथ ही इनमें भारत की सांस्कृतिक विविधता और गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित करने पर भी ध्यान दिया जाए। सभी कार्यक्रमों की पूर्व रिहर्सल सुनिश्चित की जाए, ताकि समरोह के दिन कोई समस्या न हो। परेड में भाग लेने वाली टीमों और उनके प्रदर्शन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**मंच की सजावट व बैठने की उचित व्यवस्था हो**

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के स्वागत व मंच की सजावट, मेहमानों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था का उचित ध्यान रखा जाए। समारोह स्थल पर साफ-सफाई व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिएं। नगर परिषद सहित अन्य संबंधित विभाग समारोह स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, साफ-सफाई पर पूर्ण ध्यान दें। समारोह स्थल के मार्ग पर साफ व सुंदर झंडे लगाएं। शौचालयों और पेयजल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य स्थानों पर चूने से मार्किंग की जाए।

**सुरक्षा व्यवस्था व यातायात सुगमता के प्रबंध किए जाएं**

प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि समारोह स्थल और उसके आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि आयोजन स्थल के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाए। इसके अलावा पूरे समारोह स्थल की बैरीकैडिंग करवाई जाए। जनता के लिए बैठने आदि का अलग से प्रबंध हो। समारोह के दौरान यातायात सुगम बनाए रखने के लिए व्यापक योजना बनाई जाए। ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया जाए कि वह मुख्य मार्गों पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए डायवर्जन प्वाइंट तय कर ले। इसके अलावा समारोह स्थल पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था हो**

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि आपातकालीन स्थिति से बचाव के लिए समारोह स्थल पर एम्बुलेंस और चिकित्सा दल की व्यवस्था की जाए। अग्निशमन विभाग को भी तत्पर रहने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार समारोह स्थल पर जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से पेयजल आदि का भी प्रबंध किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप अहलावत, सीटीएम अशोक कुमार, डीआईपीआरओ सुरेंद्र बजाड़, एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक, खंड शिक्षा अधिकारी गीता आर्य के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली कर्मचारियों ने 7वें दिन धरना जारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बिजली चोरी रोकने के लिए गठित की गई छापेमार टीम से मारपीट करने के आरोपियों की गिरफतारी की मांग को लेकर बिजली कर्मचारियों का धरना बुधवार को सातवें दिन भी जारी रहा। उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। धरने की अध्यक्षता जेई मनोज यादव ने की। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कर्मचारियों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम जितेंद्र कुमार अहलावत को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को निगम कर्मियों की छापेमार टीम मोडी स्थित टोलवा की ढाणी में गई थी। टीम ने जैसे ही अपनी कार्रवाई शुरू की वैसे ही ग्रामीणों ने उन पर हमला बोल कर घायल कर दिया। कनीना सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ उमेश वर्मा द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मुकद्मा नम्बर 188 दर्ज कर एक आरोपी नरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बिजली कर्मचारी 2 जनवरी से निगम के एसडीओ कार्यालय के सामने धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर महावीर पहलवान, शिवकुमार जिला प्रधान, सजन सिंह, राजेंद्र सिंह, हवासिंह, आनंद सिंह, शंकर लाल, सुनील कुमार,राकेश, संदीप, अजीत, संजय, शिशुपाल, लोकेश, मनोज सहित अन्य बिजली कर्मचारी उपस्थित थे।

# इसराना की बेटी आईआईटी रुड़की से करेगी पीएचडी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव ईसराना की बेटी अंजलि ने वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने यह परीक्षा दिसंबर 2023 में दी था जिसका परिणाम हाल ही में जारी किया गया है। परीक्षा उत्तीर्ण कर छात्रा अंजली ने क्षेत्र व गांव का नाम गौरवांवित किया है। अब वह भौतिक शास्त्र में आईआईटी रूडकी से पीएचडी करेगीं। उनकी इस सफलता पर शिक्षक संजय कुमार,रघुवीर सिंह,कमलेश देवी,अनिल शर्मा, सतीश कुमार,राकेश कुमार,रिंकू जोशी, चेतन शर्मा,विनोद शर्मा ने खुशी जताई है।

# 26 दिन से मुक्ति' की राह देख रहा बागोत का मोहित

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** 26 वर्षीय युवक माहित का क्या कसूर था, जिसे मौत को गला लगाने के 26 दिन बाद भी मुक्ति की राह देखनी पड रही है। प्रशासन कार्रवाई नहीं करता-परिजन अंतिम संस्कार नहीं करते। ऐसा ही पेचिदा मामला बनता जा रहा है बागोत गांव के मोहित का। कनीना खंड के गांव बागोत में निवासी 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा 13 दिसंबर 2024 को फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 14 दिसंबर को कनीना अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता कैलाश चंद प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर अडे हुए हैं जबकि पुलिस इस संबध में साक्ष्य उपलब्ध करवाने की बात कह रही है। इसी दापेच में उसका अंतिम संस्कार नहीं किया जा रहा है।

मंगलवार को कैलाशचंद ने पत्रकारों से कहा था कि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे सात दिन बाद घर-बार छेडकर सपरिवार जंगल में निकल जाएगें जो वापिस लौटकर नहीं आएगें। मृतक की माता नीलम देवी ने दो दिन की चेतावनी देते हुए कार्रवाई की मांग की। इस घटनाक्रम के बीच मोहित की मुक्ति फंसी हुई है। पिछले 26 दिन से शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण पनप रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों व गांव के मोजिजान लोगों तथा रिश्तेदारों द्वारा मृतक के पिता कैलाशचंद को शव का अंतिम संस्कार करने के लिए समझाने के काफी प्रयास किए जा चुके हैं। लेकिन मामला ज्यों का त्यों बना हुआ है।

# फिरोजपुर झिरका में समाधान शिविर में एसडीएम सुनेंगी लोगों की शिकायतें

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपमंडल अधिकारी (ना.) फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल ने बताया कि कल समाधान शिविर में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक वे स्वयं अपने कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनेंगी। प्रशासनिक व्यवस्था के कारण उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा का कल 9 जनवरी को प्रस्तावित फिरोजपुर झिरका का लोगों की शिकायत सुनने का कार्यक्रम अगले सप्ताह के लिए स्थगित हो गया है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त अगले सप्ताह में समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनने के लिए उपमंडल फिरोजपुर झिरका आएंगे। शिविर के बाद वे राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेंगे और विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# वायुसेना प्रमुख ने कहा- सीमाओं पर बढ़ता सैन्यीकरण भारत के लिए चिंताजनक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को पूरा करने में एयरोस्पेस क्षेत्र बहुत बड़ा योगदानकर्ता होगा। विवादों और संघर्षों की वजह से वर्तमान में दुनिया में अस्थिरता का माहौल है। लेकिन देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर चीन और पाकिस्तान के बढ़ते सैन्यकरण की वजह से भारत की अपनी सुरक्षा चिंताएं हैं। चीन बड़ी तादाद में अपनी वायुसेना पर खर्च कर रहा है। इसमें उसके द्वारा हालिया उद्घाटित स्टेल्थ विमान भी शामिल है। वायुसेनाप्रमुख ने राजधानी में आयोजित एसआईडीएम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

उन्होंने सी-295 परिवहन विमान निर्माण सुविधा के उद्घाटन पर दिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम ने कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। वायुसेना इनमें शामिल प्राथमिक क्षेत्र है और वह हमेशा आत्मनिर्भरता को लेकर बड़े पैमाने पर निवेश करने में आगे रहती है। एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने बल द्वारा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कई कदमों के बारे में जानकारी दी।

**आत्मनिर्भरता की कीमत चुकानी पड़ती है**

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि आत्मनिर्भरता के लिए कीमत चुकानी पड़ती है और हमें इसे स्वीकार करना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर हमें अधिक मात्रा में चीजें खरीदनी होती हैं। इसमें शोध-अनुसंधान के भाग में सीमित संख्या की वजह से कीमत बढ़ती है। लेकिन हमें आत्मनिर्भरता की बेहद आवश्यकता है। समय सीमा को पूरा न करने की स्थिति में शोध-अनुसंधान का कोई महत्व नहीं रहता है। लेकिन इससे किसी भी शोध के विफल होने पर उसमें शामिल जोखिम को स्वीकार करने की क्षमता बढ़ती है।

## रामलला के दर्शन करने के लिए यूकेजी का छात्र पंजाब से दौड़ा अयोध्या पहुंचा



अयोध्या। श्रीरामलला का दर्शन करने के लिए पंजाब से दौड़ लगाते एक 6 वर्षीय बालक मंगलवार को अयोध्या पहुंचा। एक महीने तेईस दिन में हजार किलोमीटर से अधिक दौड़ पूरी करने वाला यह बालक मंगलवार को भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह बल्ले के अयोध्या फेमिली रेस्टोरेंट लखनऊ मार्ग पर पहुंचा है। बताया जाता है कि मोहब्बत नाम वाले इस बच्चे की रास्ते भर खूब स्वागत व सराहना हुई। छह वर्षीय मोहब्बत ग्राम किलियांवाली पोस्ट अबोहर, तहसील हबोर जिला फाजिल्का, पंजाब का रहने वाला है। वहां बालाजी धाम से एक सैन्य अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर मोहब्बत के दौड़ की शुरुआत कराई। पूरे रास्ते बालक के अभिभावक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय के सम्पर्क में रहे। यह भी पता चला है कि प्रतिष्ठा द्वादशी के दिन इस नन्हे धावक की मुख्यमंत्री से भेंट भी होनी है।

## प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलकर कंगना ने कहा, 'आपको 'इमरजेंसी' देखनी चाहिए



मुंबई। अभियन में जलवा बिखेर चुकीं बॉलीवुड 'क्वीन' कंगना रनौत इन दिनों राजनीति में सक्रिय हैं। इस बीच कंगना अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज की तैयारी में जुटी हुई हैं। पंगा क्वीन' की फिल्म 1970 में इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान लागू हुई इमरजेंसी पर आधारित है। पिछले साल से कंगना की फिल्म विवादों में घिरी हुई है। दो बार रिलीज टलने के बाद अब फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक को तैयार है। कंगना ने बताया कि उन्होंने संसद में प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात कर उन्हें फिल्म देखने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा, मैं संसद में प्रियंका गांधी वाड्रा से मिली थी और मैंने उनसे कहा कि 'आपको 'इमरजेंसी' देखनी चाहिए। इस पर उन्होंने कहा, 'हां हो सकता है', तब देखते हैं कि क्या वह फिल्म देखना चाहेंगी। कंगना कहती हैं, जब मैंने इंदिरा गांधी के बारे में रिसर्च करना शुरू किया, तब मैंने पाया कि उनके निजी जीवन के बारे में जानने के लिए बहुत सी चाजें थीं। चाहे उनके पति, दोस्तों या विवादास्पद समीकरणों के साथ उनका रिश्ता हो। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा के बारे में कंगना कहती हैं, मैंने खुद से सोचा कि हर व्यक्ति में बहुत कुछ है। लेकिन मैंने इंदिरा गांधी को बहुत गरिमा और संवेदनशीलता के साथ चित्रित किया है और मुझे लगता है कि सभी को यह फिल्म देखनी चाहिए।

## बहू से प्रताड़ित बुजुर्ग ने राष्ट्रपति से लगाई इच्छामृत्यू की गुहार

दमोह। यहां बेहद शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर 75 वर्षीय एक बुजुर्ग ने बहू की प्रताड़ना से तंग आकर राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। दरअसल, मध्य प्रदेश के दमोह में 75 वर्षीय बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ दमोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में पंहुचा और राष्ट्रपति के नाम डीएम सुधीर कुमार कोचर को लिखित आवेदन देकर इच्छा मृत्यु के लिए गिड़गिड़ाते हुये अनुमति मांगने लगा। 75 वर्षीय चमन लाल रैकवार जबेरा तहसील के बनवार गांव का रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 16 साल पहले उसके बेटे जयंत की शादी अनीता से हुई थी। लेकिन साल 2009 में तालाब में डूबने से बेटे जयंत की मौत हो गई। बेटे की मौत हो जाने के बाद बहू अनीता अपनी सास दुर्गा बाई के करीब दो लाख रुपये के जेवरात लेकर मायके चली गई और दमोह में अपनी मां के साथ रहने लगी। बुजुर्ग चमन लाल ने आरोप लगाते हुए कहा, कुछ समय बाद बहू अनीता मुझसे पैसों की मांग करने लगी और पैसे ना देने पर मुझे और मेरी पत्नी को जेल भेजने की धमकी देने लगी। बहू अनीता की प्रताड़ना से तंग आकर अब मैं जीना नहीं चाहता, बहुत मुश्किल से मैं अपनी व पत्नी का जीवन यापन कर रहा हूं। इस उम्र में अब मजदूरी भी नहीं होती, ऐसे में फिर कहां से लाखों रुपये लाकर बहु को दूं। उन्होंने बताया, डेढ़ एकड़ जमीन जो मेरे पिता से मुझे मिली थी, वह मैं अपने दोनों बेटों को बराबरी से देने के लिए तैयार हूं। इसके बाद भी बहू अनीता हम दोनों को लगातार प्रताड़ित कर रही है। इसलिए अब मैं जीना नहीं चाहता महामहिम से विनती है कि मेरा आवेदन पत्र स्वीकार कर मुझे इच्छा मृत्यु की अनुमति दें।

## संभल सर्वे पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, 25 फरवरी को होगी सुनवाई

संभल। यूपी के संभल में विवादित स्थल के सर्वे को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी है। इससे हिंदू पक्ष को झटका लगा है। यह फैसला मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद आया है। मुस्लिम पक्ष ने सर्वे के खिलाफ अदालत का रुख करते हुए तर्क दिया कि यह सर्वे अनावश्यक है और इससे धार्मिक सौहार्द्र बिगड़ने की आशंका है। हाईकोर्ट ने इन दलीलों को गंभीरता से लेते हुए निचली अदालत के सर्वे कराने के आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 25 फरवरी तय की है। इस दौरान दोनों पक्षों को अपनी-अपनी दलीलें प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## गुस्साए हाथी ने शख्स को 4 बार लहराया और फिर 10 फीट दूर उठाकर फेंका


कोच्चि। केरल के मलप्पुरम में एक हाथी ने शख्स को सूंड़ से उठा लिया। फिर हवा में 4 बार लहराकर 10 फीट दूर उठाकर फेंक दिया। पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है।



हादसा स्थानीय उत्सव के दौरान हुआ, इस नेरचा कहते हैं। उत्सव में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। तभी वहां मौजूद 4 हाथियों में एक हाथी भड़क गया। भगदड़ में 17 घायल हैं। मलप्पुरम के तिरूर में हर साल नेरचा उत्सव मनाया जाता है। पलक्कड़ जिले में पट्टांबी मस्जिद में हजारों की संख्या में लोग उत्सव में भाग लेते हैं। बुधवार को भी भीड़ ज्यादा थी। उत्सव के दौरान चार हाथी मंगाए गए थे। चारों हाथी एक लाइन में खड़े थे, हालांकि उनके ऊपर महावत भी था। तभी एक हाथी अचानक आगे की ओर भागने लगा। हाथी के बेकाबू होते ही भगदड़ की स्थिति बन गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। एक शख्स हाथी की सूंड़ की पकड़ में आ गया। हाथी ने शख्य को उठाया और हवा में लहराने लगा। लोग जब तक कुछ समझ पाते, हाथी ने शख्स को कई फीट दूर उठाकर फेंक दिया। हालांकि बाद में महावत ने हाथी पर काबू पा लिया।

## नितिन गडकरी ने अपनी बनवाई सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे करने दिए सुझाव...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। देशभर में कुल 1,46,145 किमी नेशनल हाईवे हैं। इसके अलावा कई एक्सप्रेसवे भी हैं, जिनसे सफर आसान हो गया है। यही वजह है कि जब चमचमाती सड़कों की बात होती है तो पहला नाम केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन



गडकरी का आता है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हाईवे और एक्सप्रेसवे का नेटवर्क बिछाने का काम गडकरी ने किया है। लेकिन लोग उस वक्त हैरान हो गए जब गडकरी ने कह दिया इन सड़कों को खुदवा दीजिए।

गडकरी ने बताया कि सरकार सड़क हादसों और इससे होने वाली मौतों को कम करने का लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन उम्मीदों के अनुसार सफलता नहीं मिल रही है। इसके लिए सड़क परिवहन मंत्रालय योजनाएं भी लांच कर चुका है। हादसों को कम करने के मंथन के दौरान एक जानकार ने उनसे कहा कि सड़क हादसों की वजह आप ही है। यह सुनकर गडकरी स्तब्ध रह गए, क्योंकि वे हादसों को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने इसकी वजह पूछी तो सज्जन ने बताया कि आपके सड़कें इतनी अच्छी बनवा दी हैं, इस वजह से वाहन चालक स्पीड से गाड़ी चलाते हैं और हादसा की चपेट में आ जाते हैं। इस तरह गडकरी ने उन्हें हंसते हुए सुझाव दिया कि आप जगह-जगह सड़कों पर गड्ढे करवा दो, जिससे वाहनों की स्पीड और पैदल चलने वालों की स्पीड एक जैसी हो जाए और इस तरह हादसे कम हो जाएंगे।

दिल्ली -मुंबई (1386 किमी।), अहमदाबाद -धोलेरा (109 किमी।), बेंगलुरू-चेन्नई (262 किमी।), लखनऊ कानपुर (63 किमी।) और दिल्ली -अमृतसर- कटरा (669 किमी।) हैं। इनमें से तीन एक्सप्रेसवे दिल्ली -मुंबई, अहमदाबाद -धोलेरा, बेंगलुरू चेन्नई इस साल तैयार हो जाएंगे, जबकि लखनऊ कानपुर और दिल्ली -अमृतसर- कटरा 2026 तैयार होंगे। इन एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 2489 किमी। है।

# किसी महिला के शरीर की बनावट पर 'फाइन' कहना, आपको पहुंचा सकता है जेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप किसी महिला के शरीर को देखकर 'फाइन' कहते हैं, तब आप जेल जा सकते है। जी हां, केरल हाईकोर्ट ने कहा कि किसी महिला के शरीर की बनावट पर 'फाइन' कहकर टिप्पणी करते हैं, तब पहली नजर में यौन उत्पीड़न माना जाएगा। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने एक याचिकाकार्ता के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को भी रद्द करने से मना कर दिया।





केरल हाईकोर्ट के जस्टिस ए. बदरुद्दीन ने याचिकाकार्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा और केरल पुलिस अधिनियम, 2011 (अधिनियम) की धारा 120 सहित अपराधों के लिए शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से मना कर दिया। वहीं धारा 509 में महिला की लज्जा का अपमान करने के इरादे से किए गए कृत्यों का जिक्र है।

रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने बताया कि जब वे केरल राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के इलेक्ट्रिकल सेक्शन में काम कर रही थी, तब आरोपी ने उसकी बॉडी को देखकर फाइन कहा था। उसकी यह टिप्पणी यौन कुंठा से भरी थी। आरोपी की इस टिप्पणी ने उन्हें परेशान किया था। महिला ने आरोप लगाया गया कि आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर पर यौन इशारों वाले मैसेज भेजे थे।

हालांकि, आरोपी ने इसका विरोध किया। आरोपी का तर्क था कि किसी व्यक्ति के शरीर की संरचना की तारीफ करना यौन उत्पीड़न वाली टिप्पणी नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने पहले इन अपराधों पर विस्तार से चर्चा की। फिर धारा 509 का जिक्र कर अदालत ने अपने पिछले फैसले का हवाला दिया। इस मामले में अदालत ने धारा 509 के तहत आने वाले अपराधों पर चर्चा की थी। अदालत ने बताया कि किसी भी महिला पर यौन रंगीन टिप्पणी करने वाला पुरुष यौन उत्पीड़न के अपराध का दोषी है। इस पर अदालत ने याचिकाकार्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा, 'मामले के तथ्यों को देखने के बाद यह स्पष्ट है कि अभियोजन पक्ष का मामला पहली नज़र में कथित अपराधों को आकर्षित करने के लिए बनाया गया है।

## मिजोरम के नए राज्यपाल वीके सिंह का शपथ ग्रहण समारोह टला, अब 15 को होगा

आइजोल। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सेना प्रमुख (सेवानिवृत्त) जनरल विजय कुमार सिंह का मिजोरम के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण समारोह, जो 9 जनवरी को निर्धारित था, उसे स्थगित कर दिया गया है। अब यह समारोह 15 जनवरी को होगा। इससे पहले, मिजोरम सरकार के अधिकारियों ने कहा था कि जनरल वीके सिंह 8 जनवरी को आइजोल पहुंचेंगे और शपथ ग्रहण समारोह अगले दिन यानी 9 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। वीके सिंह अब 15 जनवरी को आइजोल पहुंचेंगे और शपथ ग्रहण समारोह अगले दिन आयोजित किया जाएगा। मिजोरम में वर्तमान में कोई राज्यपाल नहीं है, क्योंकि मौजूदा राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति जो तीन साल और पांच महीने से अधिक समय तक इस पद पर रहे वह दो जनवरी को राज्य छोड़कर चले गए और अगले दिन ओडिशा में राज्यपाल का कार्यभार संभाल लिया। अधिकारियों ने कहा कि नए राज्यपाल पदभार संभालने के बाद अपने शपथ ग्रहण समारोह के बाद बजट सत्र बुलाने की संभावना है। राजभवन और मिजोरम सरकार के अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर नए राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित करने के कारणों का खुलासा नहीं किया। एक अधिकारी ने कहा कि जनरल वीके सिंह ने मिजोरम में अपने आगमन और राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित कर दिया है। सूत्रों के हवाले से एक अन्य अधिकारी ने कहा कि यह स्थगन उनके परिवार के किसी सदस्य के चिकित्सा उपचार के कारण हो सकता है।

# बिहार के कई युवा रोजगार के नाम पर विदेश जाकर साइबर फ्रॉड में फंसे

### अब खुद और परिजन सरकार से कर रहे गुजारिश

**गोपालगंज (एजेंसी)।** बिहार के युवाओं को टूरिस्ट वीजा पर कंबोडिया, थाईलैंड, म्यांमार और लाओस भेजकर उन लोगों से साइबर फ्रॉड कराया जा रहा है। गोपालगंज जिले के करीब 47 युवक विदेशों में फंसे हैं। आरोप है कि इन युवकों को विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर एजेंट ने भेजा था। इस पूरे खेल में पाकिस्तान और चीन के साइबर अपराधियों का हाथ होने की बात सामने आई है, जिसकी जांच एनआइए और ईओयू की टीम कर रही है।



फतेहपुर गांव निवासी रौशन अली का बेटा वाहिद रौशन और भतीजा मो. साउद अली को प्रयागराज के एजेंट सुदरजीत यादव ने दिल्ली से थाईलैंड भेजा था। दोनों युवकों को मॉल में काम दिलाने के नाम पर 26 अक्टूबर 2024 को भेजा था। इसके बाद थाईलैंड में एयरपोर्ट पर उतरते ही दोनों को एक एजेंट ने रिसीव कर नदी के रास्ते मोटरबोट से म्यांमार पहुंचा दिया, जहां पहले से पाकिस्तान, चीन, नेपाल और दूसरे देश के युवा साइबर फ्रॉड में लगे हुए थे। आरोप है कि एजेंट ने 7 हजार यूएस डॉलर (छह लाख से ज्यादा भारतीय रुपये) में इन युवकों को चीन और पाकिस्तान के साइबर अपराधियों को बेच दिया है।

रौशन और साउद ने किसी तरह से छिपकर वीडियो बनाकर सरकार और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। युवकों ने वीडियो में लोकेशन दिखाया और कहा कि कंप्यूटर के काम को लेकर यूपी के एजेंट ने भेजा था, लेकिन यहां साइबर फ्रॉड में लगाया है। वीडियो में युवक कहते हैं कि विरोध करने पर यातना दी जा रही है। प्लीज, मुझे यहां से भारत वापस बुला लें।

रौशन और वाहिद की तरह शुभम कुमार भी कंबोडिया जाकर फंस गया था। साइबर फ्रॉड के लिए दबाव बनाया गया, लेकिन वह भागकर भारतीय दूतावास पहुंच गया। फिर दूतावास की मदद से वापस घर आ गया है।

शुभम कुमार ने मामले में साइबर थाने में पांच लोगों पर केस दर्ज कराया है, जिसमें पुलिस को बताया कि एजेंट ने 70 हजार रुपये प्रतिमाह की सैलरी पर मॉल में काम करने के लिए भेजा था, लेकिन थाईलैंड जाने के बाद वहां से कंबोडिया ले जाया गया, जहां साइबर फ्रॉड के काम में लगा दिया गया। विरोध करने पर बिजली करंट के झटके दिए जा रहे थे। किसी तरह से भागकर दूतावास पहुंचा, जिसके बाद वापस घर लौट पाया।

म्यामांर में फंसे युवक के पिता रौशन अली ने कहा कि मेरे लड़के के अलावा कई युवक वहां फंसे हुए हैं। जब भी फोन आता है, रोते हुए कहता है कि जल्द बुलवा लीजिए। पूरा परिवार आहत है। मोदी सरकार से गुजारिश है कि मदद करे।

# बांग्लादेश की मांग ठुकराई- भारत में ही रहेंगी शेख हसीना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांगलादेश के अंतरिम सरकार ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए 23 दिसंबर को एक डिप्लोमैटिक नोट भारत के विदेश मंत्रालय को भेजा था। हालांकि, भारत सरकार ने अब तक इस पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि ढाका ने प्रत्यर्पण के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं की हैं। भारत ने बांगलादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना की वीजा बढ़ा दिया है। यह कदम उस समय उठाया गया है जब ढाका में उनकी प्रत्यर्पण की मांग तेज हो रही है। शेख हसीना पिछले अगस्त में देश छोड़कर भारत आई थीं।



बांगलादेश में उनके खिलाफ छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था। सूत्रों के मुताबिक, उनका वीजा हाल ही में बढ़ाया गया है, ताकि वह भारत में पहले की तरह रह सकें। सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत ने उन्हें शरण नहीं दी है क्योंकि भारत में शरणार्थियों के लिए कोई विशेष कानून नहीं है।

इस बीच बांगलादेश की सरकार ने 97 लोगों के पासपोर्ट रद्द करने का निर्णय लिया है, जिनमें शेख हसीना का नाम भी शामिल है। इन लोगों पर जुलाई में हुए प्रदर्शनों में कथित रूप से लोगों को जबरन गायब कराने और हत्याओं में शामिल होने के आरोप हैं। बांगलादेश के इमिग्रेशन और पासपोर्ट विभाग ने यह घोषणा की है कि शेख हसीना और अन्य 75 व्यक्तियों के पासपोर्ट रद्द किए गए हैं।

वहीं, 6 जनवरी को बांगलादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना के खिलाफ दूसरा गिरफ्तारी वारंट जारी किया। न्यायाधिकरण ने बांगलादेशी पुलिस को शेख हसीना और 11 अन्य लोगों को गिरफ्तार करने और उन्हें 12 फरवरी को न्यायाधिकरण के सामने पेश करने का आदेश दिया है।

**भारत में शेख हसीना का भविष्य**

भारत में शेख हसीना के भविष्य को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। भारत सरकार का विदेश मंत्रालय ने पहले ही यह कह चुका है कि शेख हसीना को अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में खुद निर्णय लेना है। इस बीच, बांगलादेश के राष्ट्रीय स्वतंत्र जांच आयोग के प्रमुख ने कहा है कि आयोग के सदस्य भारत जाने की योजना बना रहे हैं ताकि शेख हसीना से 2009 में बांगलादेश राइफल्स द्वारा 74 लोगों की हत्या के मामले में पूछताछ की जा सके।

# चार युद्ध लड़ने वाले हवलदार बलदेव सिंह की बहादुरी को नेहरु से लेकर पीएम मोदी तक ने सराहा!

**राजौरी (एजेंसी)।** बलदेव सिंह एक ऐसे वीर सिपाही जो अपने साहस और देशभक्ति के लिए इतिहास में हमेशा के लिए अमर हो गए। जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफचार युद्ध लड़े और भारतीय सेना में तीन दशकों तक अपनी सेवाएं दीं, उनकी सोमवार को सांसे थम गई। बलदेव सिंह 14 नवंबर 1950 को सेना में भर्ती हुए। उन्होंने करीब तीन दशक तक देश की सेवा की और 1961, 1962 और 1965 के भारत-पाक युद्धों में हिस्सा लिया। 1969 में रिटायर होने के बाद, उन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान फिर से बुलाया गया। इस दौरान उन्होंने 11 जाट बटालियन (25 इन्फेंट्री डिवीजन) के साथ आठ महीने तक सेवा की। अपने लंबे करियर के दौरान, बलदेव सिंह को कई सम्मानों से नवाजा गया। उनकी बहादुरी को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने सराहा। सोमवार को उनके गांव नौनिहाल में पूरे सैन्य सम्मान और प्रोटोकॉल के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

हवलदार बलदेव सिंह (रिटायर्ड) का उनके गृह नगर राजौरी जिले के नौशेरा में निधन हो गया। वह 93 साल के थे। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि उनकी नेचुरल डेथ हुई।

बता दें कि हवलदार बलदेव सिंह का जन्म 27 सितंबर 1931 को नौशेरा के नौनिहाल गांव में हुआ था। केवल 16 साल की उम्र में, उन्होंने ब्रिगेडियर उस्मान की अगुवाई में 'बाल सेना' में शामिल हो गए। 1947-48 के नौशेरा और झांगर की लड़ाई के दौरान, बाल सेना के लड़कों (12-16 साल की उम्र) ने भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण समय पर संदेशवाहक के रूप में काम किया था। उनके इस योगदान के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें ग्रामोफोन, घड़ियां और भारतीय सेना में शामिल होने का मौका दिया था।



# जन औषधि केंद्रों ने नवंबर 2024 तक 1255 करोड़ से ज्यादा की दवाइयां बेची

## -पीएमओ ने कहा- इन आउटलेट्स से नागरिकों को 5,020 करोड़ की हुई बचत

**नई दिल्ली।** जन औषधि केंद्रों से नवंबर 2024 तक 1255 करोड़ रुपए से ज्यादा की दवाइयों की बिक्री हुई। यह जानकारी पीएमओ द्वारा दी गई। सोशल मीडिया एक्स पर पीएमओ ने कहा कि इन आउटलेट्स के जरिए दवाइयों की खरीद करने से नागरिकों को 5,020 करोड़ रुपए की बचत हुई। जन औषधि केंद्र आम जनता को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराते हैं। इसकी स्थापना प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत की गई थी, जो नवंबर 2008 में शुरू की गई एक जन कल्याणकारी योजना है। इस योजना को फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) के जरिए क्रियान्वित किया जाता है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि नवंबर 2024 तक देशभर में 14,320 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। 2023-24 में पीएमबीआई ने 1,470 करोड़ रुपए की दवाइयों की बिक्री दर्ज की थी, जिससे नागरिकों को 7,350 करोड़ रुपए की बचत हुई थी। पिछले दस सालों में इस परियोजना के तहत करीब 30 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई है। 2024 में पीएमबीजेपी ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और असम राइफल्स के साथ कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिससे सीएपीएफ, एनएसजी और एआर (एमएचए) अस्पतालों में जन औषधि दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा मॉरीशस में पहला विदेशी जन औषधि केंद्र खोला गया। मंत्रालय ने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने भी चालू वित्त वर्ष में 500 करोड़ रुपए के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ फार्मास्युटिकल उद्योग को मजबूत करने के लिए एक योजना लागू की है। इस योजना का उद्देश्य देश में मौजूदा फार्मा क्लस्टरों और एमएसएमई को उनकी उत्पादकता, गुणवत्ता और एमएसएमई क्लस्टरों में सुधार करने के लिए सहायता प्रदान करना है।

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च किया जाएगा क्रेटा ईवी

**नई दिल्ली ।**

हुंडई मोटर्स के बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक एसयूवी क्रेटा ईवी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च किया जाएगा। हुंडई क्रेटा ईवी में दो बैटरी विकल्प दिए गए हैं। पहला 42 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक, जो 390 किलोमीटर की रेंज देगा, और दूसरा 51.4 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक, जिसकी रेंज 473 किलोमीटर तक होगी।

क्रेटा ईवी चार वेरिएंट्स एक्जीक्यूटिव, स्मार्ट, प्रीमियम और एक्सीलेंस में उपलब्ध होगी। कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार मात्र 7.9 सेकंड में पकड़ सकती है। हालांकि, इसके इलेक्ट्रिक मोटर के स्पेसिफिकेशंस अभी साझा नहीं किए गए हैं। डिजाइन की बात करें तो क्रेटा ईवी का लुक पेट्रोल और डीजल वर्जन जैसा है, लेकिन इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल का ट्विस्ट दिया गया है। इसमें व्हीकल-टू-लोड (वी2एल) सपोर्ट, लेवल-2 अडास फीचर्स (जैसे एडाप्टिव क्रूज कंट्रोल और लेन कीप असिस्ट), 360-डिग्री कैमरा और 6 एयरबैग्स दिए गए हैं। हुंडई क्रेटा ईवी में डीसी फास्ट चार्जर है, जो 10-80प्रतिशत चार्जिंग मात्र 58 मिनट में कर सकता है। 11 केडब्ल्यू एसी चार्जर के जरिए यह 4 घंटे में पूरी तरह चार्ज हो सकती है।

यह इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा कर्व ईवी, महिंद्रा बीई 6, एमजी झेडएस ईवी और आगामी मारुति ई विटारा जैसे मॉडल्स को कड़ी टक्कर देगी। फ्रंट फेसिया क्रेटा एन लाइन से प्रेरित है, जिसमें ब्लैंक्ड-ऑफ



ग्रिल और ग्लॉस ब्लैक क्यूबिकल एलिमेंट्स हैं। चार्जिंग पोर्ट हुंडई के लोगो के नीचे, बीच में स्थित है। इसमें 17-इंच के एयरोडायनामिक अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। हुंडई क्रेटा ईवी में ड्यूल-टोन इंटीरियर, पैनोरमिक सनरूफ, दो डिजिटल डिस्प्ले और लोअर सेंटर कंसोल में नए कंट्रोल्स हैं।

# सेबी की फटकार के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 5 फीसदी लुढ़के

## सोशल मीडिया पर योजनाओं का खुलासा करने पर चेयरमैन को दी हिदायत

**नई दिल्ली।**

ओला इलेक्ट्रिक का शेयर आज यानी बुधवार को शुरूआती कारोबार में बीएसई पर 5 फीसदी लुढ़क गया। ईवी कंपनी के शेयरों में यह गिरावट मार्केट रेगुलेटर सेबी की फटकार के बाद आई। मार्केट रेगुलेटर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को फटकार लगाई है। रेगुलेटर ने नियमों के उल्लंघनों पर कंपनी को चेतावनी लेटर भी जारी किया है।

ओला इलेक्ट्रिक की रेगुलेटरी फाईलिंग के मुताबिक कंपनी को मंगलवार को ईमेल के जरिए सेबी ने यह भेजा। यह लेटर इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी के एक्सचेंजों को सूचित करने से पहले एक्स पर अपनी योजनाओं का खुलासा करने के चलते मिला है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इस चेतावनी के कारण कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा।

बता दें कि ओला इलेक्ट्रिक ने कॉर्पोरेट एक्शन की बजाय सोशल मीडिया एक्स पर अपनी योजनओं का पहले खुलासा कर दिया। लेटर में ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन को इस संबंध में आगे से ऐसा न करने की हिदायत दी है। नियमों के मुताबिक सभी खुलासे पहले स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित करना है और वह 12 घंटों के भीतर। सेबी ने कहा कि इससे उन शर्तों का भी उल्लंघन हुआ कि सभी निवेशकों को समय पर समान रूप से सूचित करना चाहिए। सेबी ने लेटर में कहा कि पहले स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचना प्रसारित करने में विफल रहने और इसके बजाय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा करने से आप सभी निवेशकों के लिए जानकारी तक समान और समय पर पहुंच प्रदान करने में विफल रहे हैं।

सेबी के इस एक्शन के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में बुधवार को शुरूआती कारोबार में गिरावट आई है। कंपनी का शेयर बीएसई पर इंट्रा-डे ट्रेड में 5 फीसदी तक फिसल गया। सुबह 10 बजे यह 3.53 रुपए या 4.46 फीसदी गिरकर 75.63 रुपए प्रति शियर के भाव पर कारोबार कर रहा था। बता दें कि ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 9 अगस्त, 2024 को स्टॉक मार्केट में लिस्ट हुआ था। लिस्टिंग के एक हफ्ते के बाद कंपनी के शेयर ऑल टाइम हाई 157.53 रुपए तक पहुंच गए थे। हालांकि, तब से कंपनी के शेयर करीब 20 फीसदी गिर चुके हैं।

# 2024 में कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत रहा

## -फाडा ने कहा-दोपहिया में आपूर्ति, नए मॉडल और ग्रामीण मांग से हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दोपहिया और यात्री वाहनों की मजबूत मांग से 2024 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा है कि 2024 में कुल वाहन पंजीकरण 2,61,07,679 इकाई रहा, जबकि 2023 में यह 2,39,28,293 इकाई रहा था। फाडा के अध्यक्ष कहा कि 2024 में भीषण गर्मी, केंद्र और राज्यों में चुनाव और असमान मानसून सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत बना रहा। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में बेहतर आपूर्ति, नए मॉडल और मजबूत ग्रामीण मांग ने बढ़ोतरी को बढ़ावा दिया, हालांकि वित्तीय बाधाएं और बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रतिस्पर्धा चुनौतियां पेश करती रही हैं। यात्री वाहनों की बिक्री 2024 में 40,73,843 रही, जो 2023 में 38,73,381 इकाई की तुलना में पांच फीसदी ज्यादा है। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11 फीसदी से बढ़कर 2024 में 1,89,12,959 हो गई। 2023 में यह 1,70,72,932 थी। वहीं तिपहिया वाहनों का पंजीयन सालाना 11 फीसदी से बढ़कर 12,21,909 इकाई हो गया जो 2023 में 11,05,942 इकाई रहा था। ट्रैक्टर की बिक्री में सालाना आधार पर तीन फीसदी की वृद्धि देखी गई और यह 8,94,112 इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2024 में 10,04,856 पर स्थिर रही। वहीं दिसंबर में फाडा के मुताबिक मोटर वाहन क्षेत्र की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 12 फीसदी घटकर 17,56,419 इकाई रही। दिसंबर 2023 में 14,54,353 इकाइयों की तुलना में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 18 फीसदी से घटकर 11,97,742 इकाई रह गया। दिसंबर 2023 में 2,99,351 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री भी दो फीसदी घटकर 2,93,465 इकाई रह गई थी।

# मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी


**फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने बताया**

**मुंबई ।**

देश में चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच दोपहिया तथा यात्री वाहनों की मजबूत मांग से 2024 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा, 2024 में कुल वाहन पंजीकरण 2,61,07,679 इकाई रहा, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 में यह 2,39,28,293 इकाई था। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा, वर्ष 2024 में भीषण गर्मी, केंद्र तथा राज्यों में चुनाव और असमान मानसून सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत बना रहा।'' उन्होंने बताया कि कि दोपहिया वाहन खंड में बेहतर आपूर्ति, नए मॉडल तथा मजबूत ग्रामीण मांग ने वृद्धि को बढ़ावा दिया, हालांकि वित्तीय बाधाएं तथा बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रतिस्पर्धा चुनौतियां पेश करती रहीं। यात्री वाहनों की बिक्री 2024 में 40,73,843 इकाई रही, जो 2023 में 38,73,381 इकाई की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 1,89,12,959 इकाई हो गई। 2023 में यह 1,70,72,932 इकाई थी। वहीं तिपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 12,21,909 इकाई हो गया जो 2023 में 11,05,942 इकाई था। ट्रैक्टर की बिक्री में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 8,94,112 इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2024 में 10,04,856 इकाई पर स्थिर रही।

# सप्लाई तेज होने से गिर रहे हैं हरी सब्जियों के दाम

नई दिल्ली । ठंड के मौसम में सप्लाई तेज होने से हरी सब्जियों के दाम अब गिरने लगे हैं। लोगों को अब बढ़ी हुई हरी सब्जियों की कीमतों से राहत मिलने लगी है। गोभी, मटर, आलू, मूली और गाजर जैसी हरी सब्जियों की नई खेप और बढ़ी हुई सप्लाई के चलते इनके दाम में गिरावट आई है। गोभी से लेकर हरी मिर्च, मूली, पालक सहित कई मौसमी सब्जियां सस्ती होने से बड़ी राहत मिली है। कारोबारियों का कहना है कि टमाटर, जो एक हफ्ते पहले 40 रुपए प्रति किलो बिक रहा था, अब 20 रुपए में उपलब्ध है। आलू और अन्य सब्जियों की कीमतों में भी कमी देखी जा रही है और आने वाले दिनों में इनके रेट्स में और गिरावट की उम्मीद है। हालांकि, आने वाले दिनों में आलू, टमाटर, शिमला मिर्च, मटर से लेकर बींस के भी रेट और कम हो सकते हैं। हफ्ते भर पहले 40 रुपए प्रति किग्रा के हिसाब से बिकने वाला टमाटर सोमवार को रिटेल में 20 रुपए प्रति किग्रा के हिसाब से मिला। इसके अलावा 100 रुपए में ढाई किग्रा मिलने वाला आलू अब 100 में चार किलोग्राम मिल रहा है।




# चैटजीपीटी को सब्सक्राइबर बढ़ने से घाटा?

**नई दिल्ली ।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआईचैटवाट के सब्सक्राइबर तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। उसी तेजी के साथ कंपनी का घाटा भी बढ़ रहा है। कंपनी के सह संस्थापक सैम आलटमैन का कहना है। सब्सक्राइबर बढ़ाने के कारण कंपनी को नुकसान हो रहा है। चैट जीटीपी का सालाना सब्सक्राइबर शुल्क भारत में करीब 17000 रुपए प्रति वर्ष है। भारत में तेजी के साथ सब्सक्राइबर बढ़ रहे हैं। जिसके कारण चैट जीपीटी कंपनी की लागत बढ़ती चली जा रही है। ग्राहकों को प्रीमियम सुविधा देने के लिए ओपन एआई की कंप्यूटिंग लागत पर कंपनी को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। कंपनी के इस बयान के बाद ऐसा लग रहा है कि कंपनी भारत में अपना शुल्क बढ़ाने की तैयारी कर रही है। भविष्य में सालाना सब्सक्रिप्शन और भी महंगा हो सकता है।

# छोटी और मझोली कंपनियों के प्रमोटरों ने बेचे 1.2 लाख करोड़ के शेयर

## आम निवेशकों में दहशत, निवेशकों मे सुरक्षित निकलने की होड़

**मुंबई ।** छोटी एवं मध्यम कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। छोटी और मझोली कंपनियों के प्रमोटर और उनके छोटे निवेशक इन दिनों बिकवाली कर रहे हैं। जिसके कारण शेयर बाजार में मंदी और बिकवाली का बड़ा दौर देखने को मिल रहा है। प्रमोटरों के शेयर बिकने के बाद छोटे निवेशकों में भगदड़ मच गई है। अब मुनाफे की जगह छोटे निवेशक अपने निवेश को बचाने के चक्कर में शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। 2023 के दिसंबर माह से सितंबर 2024 के बीच में 384 मिडकैप और स्मॉल कैप कंपनियों के प्रमोटर अपने शेयर बड़े पैमाने पर बेच चुके हैं। डीएसपी म्युचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार विचार स्मॉल कैप और मिड कैप कंपनियों के 4 प्रमोटर मे एक प्रमोटर ने अपने इक्विटी शेयरों की शुद्ध विकवाली की है। बाजार में प्रमोटरों ने अपने 1.2 लाख करोड रुपए के शेयर बेच दिए हैं। जिसके कारण शेयर बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति देखने को मिल रही है।

# वित्त वर्ष 2024-25 में बैंकों की लाभप्रदता पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली ।**

खराब परिसंपत्तियों में वृद्धि के चलते वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय बैंकों की लाभप्रदता पर असर पड़ सकता है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 बैंकों के लिए मुनाफे का चरम साल था, लेकिन अब यह लाभप्रदता टर्निंग पॉइंट पर है और अगले वित्तीय वर्ष में इसमें और कमी की आशंका है। एजेंसी के प्रमुख और निदेशक (वित्तीय संस्थान) करण गुप्ता ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों की लाभप्रदता पर ऋण चूक और बढ़ती ऋण लागत का दबाव रहेगा। उन्होंने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता पर दबाव मुख्य रूप से बिना गारंटी वाले खुदरा कर्ज जोखिम से उत्पन्न होगा, हालांकि इसका कोई प्रणालीगत प्रभाव नहीं होगा। रेटिंग एजेंसी ने 50,000 रुपये से कम के खुदरा असुरक्षित कर्ज को बैंकों के कुल कर्ज का 0.4 प्रतिशत बताया और कहा कि केवल 3.6 प्रतिशत कर्ज ऐसे हैं जिनकी उधारी दर 11 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि, ऋण वृद्धि की गति धीमी होने की संभावना जताई गई है, और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रणालीगत ऋण वृद्धि अनुमान को 15 प्रतिशत से घटाकर 13-13.5 प्रतिशत कर दिया गया है। एजेंसी ने बताया कि बढ़ती कर्ज चूक, पिछली बढ़ोतरी और लेखांकन नीतियों में बदलाव के कारण अगले वित्त वर्ष में बैंकों का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.10 प्रतिशत तक घट सकता है। साथ ही, ऋण और जमा वृद्धि के बीच अंतर भी कम होने का अनुमान है। गुप्ता ने परिसंपत्ति गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्तिगत ऋण, बिना गारंटी वाले व्यावसायिक ऋण और सूक्ष्म-वित्त पर दृष्टिकोण को स्थिर से घटाकर बिगड़ता हुआ कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस दबाव को संभालना संभव है और इसका कोई बड़ा व्यवस्थित प्रभाव नहीं होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट एशियाई बाजारों में हुए नुकसान से आयी है। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों से भी निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे भी बाजार नीचे आया। अमेरिकी बाजारों में कमजोरी से भी बाजारों पर दबाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के अंत में सेंसेक्स 50.62 अंक तकरीबन 0.06फीसदी नीचे आकर 78,148.49 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में निफ्टी 18.95 अंक तकरीबन 0.08 फीसदी नीचे आकर 23,688.95 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान देसी कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों को लेकर निवेशक बाजार से दूर रहे। इन परिणामों की शुरुआत 9 जनवरी को टीसीएस के साथ होगी। अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस गिरावट पर बंद हुआ। इसका प्रभाव भी एशियाई बाजारों के साथ घरेलू बाजार पर भी पड़ा।

दिसंबर में सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में तेजी और नवंबर में नयी नौकरियों में बढ़त के आंकड़े जारी होने के बाद वॉल स्ट्रीट पर गिरावट आई है। इससे तय है कि इफेडरल रिजर्व 2025 में ब्याज दरों में कम बार कटौती करेगा। दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटी दिग्गज टीसीएस और आईटीसी के शेयरों में तेजी ने बाजार को दिन की बड़ी गिरावट से संभाला। इंट्रा-डे ट्रेड में सेंसेक्स 700 से ज्यादा अंक गिर गया था।




डाबर इंडिया और हीरो मोटोकॉर्प समेत अन्य कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणामों के उम्मीद अनुसार नहीं रहने से भी बाजार नीचे आया। निवेशकों को डर है कि तीसरी तिमाही में कॉर्पोरेट परिणाम पिछली (दूसरी) तिमाही से बेहतर होंगे या नहीं। बता दें कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनियों के नतीजे पिछले चार वर्षों में सबसे खराब थे।

जानकारों के अनुसार कंपनियों की आय में कमी और महंगे वैल्यूएशन को लेकर चिंताएं घरेलू बाजारों पर दबाव डाल रही हैं।

इससे पहले आज सुबह बाजार बुधवार को गिरावट के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 78,319 अंक पर खुला। खुलने के कुछ ही मिनटों के भीतर इसमें गिरावट आने लगी। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी सकारात्मक शुरुआत के साथ खुला। मगर खुलने के कुछ ही देर में यह गिरावट में चला गया।

वहीं दूसरी ओर अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट में बंद हुए। इसका असर एशियाई बाजारों के साथ घरेलू बाजार पर भी पड़ा है। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी और नवंबर में नयी नौकरियों में वृद्धि के आंकड़े जारी होने के बाद वॉल स्ट्रीट पर गिरावट आई है। ये आंकड़ों संकेत देते है कि फेडरल रिजर्व 2025 में ब्याज दरों में कम कटौती करेगा।

अमेरिकी बाजारों की बात करें तो वॉल स्ट्रीट में प्रमुख तकनीकी शेयरों की कमजोरी से गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.11 फीसदी गिरा, डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.42 फीसदी की गिरावट रही, और नैस्डैक कंपोजिट 1.89 फीसदी नीच आया।

वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था।

# वीआई ने की प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली ।** अपने नेटवर्क को बेहतर बनाने और ग्राहकों को मजबूत कनेक्टिविटी देने के लिए वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने एरिक्सन, नोकिया और सैमसंग जैसी प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ साझेदारी की है। 2024 में वीआई ने 46,000 नए साइट्स जोड़कर अपने नेटवर्क का बड़ा विस्तार किया और 58,000 लोकेशन्स पर नेटवर्क की क्षमता को मजबूत किया। कंपनी ने अगले तीन सालों में हजारों नए साइट्स लगाने की योजना बनाई है, जिससे यूजर्स को पहले से बेहतर अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, इनडोर कवरेज प्लस टेक्नोलॉजी ने घर और ऑफिस में भी कनेक्शन की गुणवत्ता को और बेहतर बना दिया है। ग्राहकों की सुविधा के लिए कंपनी ने स्पैम डिटेक्शन फीचर लॉन्च किया, जिससे अनचाहे कॉल और मैसेज को नियंत्रित किया जा सके। इसके साथ ही, वीआई ने लाइंसगेट प्ले के साथ साझेदारी की है, जिससे ग्राहकों को प्रीमियम ओटीटी कंटेंट का भी लाभ मिलेगा। कंपनी के इन प्रयासों का सकारात्मक असर शेयर बाजार में भी दिखा। वीआई का शेयर 2.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ रुपए 8.07 पर बंद हुआ। कंपनी के सीईओ अक्षय मूंदड़ा ने ग्राहकों का धन्यवाद करते हुए कहा, आपके भरोसे ने हमें हर दिन बेहतर करने की ताकत दी है। 2025 में और भी रोमांचक चीजें आने वाली हैं, इसलिए जुड़े रहें। वीआई के ये प्रयास कंपनी के बाजार में मजबूत स्थिति बनाने और ग्राहकों को उन्नत सेवाएं देने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।

# अरबपति बिल गेट्स ने परिवहन क्षेत्र में किया 3730 करोड़ रुपए का निवेश




**नई दिल्ली।**

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने परिवहन क्षेत्र में 3730 करोड़ रुपए यानी 373 मिलियन डॉलर का बड़ा निवेश किया है। गेट्स ने यह कदम ऐसे उठाया है जब यह क्षेत्र चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। उनका मानना है कि 2025 में इस क्षेत्र में शानदार वापसी करेगा। गेट्स ने फेडएक्स और पेसकर कंपनियों में एक-एक मिलियन शेयर खरीदे। फेडएक्स में निवेश की कुल राशि 2730 करोड़ रही, जबकि पेसकर में 1000 करोड़ यानी 100 मिलियन डॉलर का निवेश किया।

पेककर, जो पेटरबिल्ट और केनवॉर्थ जैसे प्रसिद्ध ट्रक ब्रांड्स का निर्माता है, वैश्विक क्लास 8 ट्रक बाजार में 31.1 फीसदी हिस्सेदारी रखता है। ये ट्रक भारी माल ढुलाई के लिए जाने जाते हैं। वहीं फेडएक्स एक प्रमुख लॉजिस्टिक कंपनी है, जो अपने ड्राइव पहल के तहत परिचालन को सुव्यवस्थित करने और लागत में कटौती की योजना पर काम कर रही है। 2024 में एसएंडपी 500 ट्रांसपोटेक्शन इंडेक्स में 0.5 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि एसएंडपी 500 में 23 फीसदी की बढ़त हुई। इसके बावजूद बिल गेट्स को परिवहन क्षेत्र में आर्थिक सुधार और ब्याज दरों में गिरावट के कारण मांग बढ़ने की उम्मीद है। विश्लेषकों का कहना है कि गेट्स का यह निवेश इस क्षेत्र के दीर्घकालिक लचीलापन पर उनके भरोसे को दर्शाता है। पेसकर और फेडएक्स दोनों कंपनियां परिवहन और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती मांग से लाभ उठाने के लिए स्थिति में हैं। बिल गेट्स के पास वर्तमान में 8515 अरब रुपए यानी 103.1 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट में अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचकर निवेश किया। उनकी परोपकारी संस्था बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का पोर्टफोलियो 3735 अरब रुपए यानी 45 बिलियन डॉलर का है।

# मारुति और टोयोटा की इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत में साल 2025 में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में प्रतिस्पर्धा एक नए स्तर पर पहुंचने वाली है। मारुति और टोयोटा कंपनी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने की तैयारी में हैं, जबकि लगभग 12 अन्य ऑटो निर्माता 30 से अधिक नए ईवी मॉडल पेश करेंगे। फिलहाल भारतीय बाजार में 7 लाख से 2.15 करोड़ रुपये तक की 45 इलेक्ट्रिक कारें उपलब्ध हैं। नई ईवी कारें 500 किमी से अधिक की रेंज प्रदान करने में सक्षम होंगी और इनकी अनुमानित कीमत 19 लाख रुपये के आसपास होगी। इंटरनेट-कनेक्टेड और प्रीमियम फीचर्स वाली कारों की मांग बढ़ रही है, जो पिछले साल की कुल कार बिक्री का 40 प्रतिशत हिस्सा थी। 2024 में कारों की बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 2.53 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2023 में 2.32 प्रतिशत थी। 2025 में यह हिस्सेदारी दोगुनी होकर 4.61 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। ईवी के बढ़ते प्रभाव के बीच, सीएनजी वाहनों की बिक्री में 38.5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि ईवी बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी। डीजल वाहनों की मांग 7.2 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन पेट्रोल वाहनों की बिक्री में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में बैटरी की कीमतों में 23 प्रतिशत की कमी आई है और 2025 में इसके और 20 प्रतिशत कम होने की संभावना है। इसका मतलब है कि इलेक्ट्रिक कारों की कीमत पेट्रोल कारों के करीब आ सकती है।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर आईसीसी की रेटिंग आई सामने

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की पांच में से चार पिचों को आईसीसी ने 'बेहतरीन' करार दिया है जबकि सिडनी में पांचवें और आखिरी टेस्ट की पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पांच मैचों की श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया ने 3.1 से जीती और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पर्थ के आप्टस स्टेडियम की पिच, एडीलेड ओवल, ब्रिसबेन में गाबा की पिच और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच को ऊंची रेटिंग मिली है। वहीं सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच को 'संतोषजनक' बताया गया है।

सिडनी की पिच इस बार गेंदबाजों की मददगार थी और दोनों पारियों में बल्लेबाज जूझते नजर आए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट परिचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा, 'हम हमेशा कोशिश करते हैं कि ऐसी पिचें तैयार करें जो उस मैदान की खूबी बताती हो और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में ऐसा ही होता आया है।'

उन्होंने कहा, 'हम ऐसी पिचें नहीं तैयार करते जो मेजबान टीम के अनुकूल हो या हमारी मदद करे। हम चाहते हैं कि बल्ले और गेंद के बीच अच्छी स्पर्धा हो और नतीजा निकले। तैयारियों पर मौसम का असर पड़ा और हमें पता है कि सबसे कुशल क्यूरेटर भी विपरीत मौसम से प्रभावित होते।' सिडनी की पिच को लेकर जहां सुनील गावस्कर ने कहा कि यह आदर्श पिच नहीं थी वहीं भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इसे 'मसालेदार' और टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी बताया।



# बुमराह सहित तीन खिलाड़ी आईसीसी के दिसंबर 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए चयनित

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस और और दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज डेन पैटरसन को आईसीसी ने दिसंबर 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए चयनित किया है। भारतीय टीम के बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे अधिक 32 विकेट लिए। उनके सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से विकेट लिए। कमिंस ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। कमिंस ने तीन टेस्ट मैचों में 17.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लिए हैं।

कमिंस ने इसके अलावा बल्लेबाजी में भी 49 और 41 रन बनाये।

ब्रिस्बेन और मेलबर्न में बुमराह ने 9-9 विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी से ही भारतीय टीम अंत तक मैच में बनी रही। वहीं दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करके अपनी टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह दिलायी। पैटरसन ने दो टेस्ट में 16.92 की औसत से 13 विकेट लिए। पैटरसन ने श्रीलंका के खिलाफ 71 रन देकर पांच विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ 61 रन देकर 5 विकेट लिए।

# रबाडा को डब्ल्यूटीसी फाइनल में जीत की उम्मीद



**केपटाउन (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मिली 10 विकेट की जीत से उत्साहित दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को उम्मीद है कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हरा देगी। रबाना ने कहा कि हम जानते हैं कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया पर कैसे जीत हासिल की जा सकती है। दक्षिण अफ्रीका ने केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में जीत के साथ ही 2-0 से सीरीज जीती है। मेजबान टीम ने इस सीरीज के पहले मैच में जीत के साथ ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भी प्रवेश हासिल कर लिया है।

रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट लिए थे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अभी समय है पर इतने बड़े टूर्नामेंट के लिए हमेशा तैयार रहने की जरुरत होती है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया एक जैसा क्रिकेट खेलते हैं, इसलिए अच्छी प्रतिद्वंद्विता भी रहती है। हम हमेशा कड़ी मेहनत से खेलते हैं और वह हमें कड़ी टक्कर देते हैं, यह हम जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम उन्हें हराना भी जानते हैं। टेस्ट क्रिकेट हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रारूप है, जो हम अभी खेल रहे हैं। जब आप दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट और हमारे सभी दिग्गजों को देखते हैं तो वह सभी महान टेस्ट क्रिकेटर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर हैं जो पाक के खिलाफ सीरीज में दिखा है। पाकिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका आईसीसी अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। उसके अब 69.44 प्रतिशत अंक हो गए हैं, वहीं ऑस्ट्रेलिया 63.73 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं होने के कारण टीम के कोच शुकरी कॉनराड अभ्यास के लिए आयरलैंड या अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# रचिन रविंद्र और मार्क चैपमैन की शानदार बल्लेबाजी, न्यूजीलैंड की श्रीलंका पर बड़ी जीत

**हैमिल्टन (एजेंसी)।** रचिन रविंद्र (79), मार्क चैपमैन (62) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को वर्षा बाधित मैच दिन-रात्रि एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 113 रनों हरा दिया हैं। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

न्यूजीलैंड के 255 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 22 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए। पथुम निसंका (एक), कुसल मेंडिस (दो), अविष्का फर्नांडो (10) और कप्तान चरित असलंका (चार) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जनित लियानगे ने कामिंडु मेंडिस के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में नेथन स्मिथ ने जनित लियानगे (22) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 25वें ओवर में चामिंदु विक्रमासिंघे (17) रनआउट हुए।

वानिंदु हसरंगा (एक), महीश तीक्षणा (छह) और एहसान मलिंगा (चार) रन बनाकर आउट हुए। कामिंडु मेंडिस ने श्रीलंका के लिए सर्वाधिक (64) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 30.2 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को उनकी 79 रनों की बेहतरीन पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क ने तीन, जेकब डफी ने दो विकेट लिये। मैट हेनरी, नेथन स्मिथ और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के खलल के कारण मैच 37-37 ओवर का दिया गया था।



बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज विल यंग (16) का विकेट गवां दिया। उन्हें ए फर्नांडो ने आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने रचिन रविंद्र के साथ दूसरे विकेट के लिए 112 रन जोड़े। 20वें ओवर में महीश तीक्षणा ने मार्क चैपमैन 52 गेंदों में (62) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 23वें ओवर में हसरंगा ने रचिन रविंद्र 63 गेंदों में (79) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। टॉम लेथम (एक) रनआउट हुए। ग्लेन फिलिप्स (22), कप्तान मिचेल सैंटनर (20) और डैरिल मिचेल (38) रन बनाकर आउट हुए।

श्रीलंकाई गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए निचले क्रम के बल्लेबाजों को सस्ते में आउट कर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। न्यूजीलैंड ने अपने आखिरी चार विकेट मात्र आठ रन जोड़कर गवां दिए। न्यूजीलैंड की टीम 37 ओवर में 9 विकेट पर 255 रन का स्कोर बना सकी। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा ने चार विकेट लिये। वानिंदु हसरंगा को दो विकेट मिले। एहसान मलिंगा और असिता फर्नांडो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# सचिन को नहीं जानती सुशीला मीना

मुम्बई । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गत दिनों एक छोटी सी लड़की सुशीला मीना की प्रशंसा करते हुए कहा था कि उसका गेंदबाजी एक्शन जहीर खान जैसा है। इसके साथ ही सचिन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस लड़की के गेंदबाजी करने की वीडियो भी साझा की थी। इसके बाद से ही ये लड़की सोशल मीडिया पर छा गयी थी। वहीं जब इस लड़की सुशीला का कहना है कि वह किसी सचिन तेंदुलरक के बारे में नहीं जानती। सचिन के इस वीडियो को देखने के बाद ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) ने गत दिनों ही सुशीला को ट्रेनिंग के लिए गोद लेने का फैसला किया था। 12 साल की सुशीला राजस्थान के रामेर तालाब गांव की रहने वाली हैं और अभी 5वीं कक्षा में पढ़ रही हैं। उदयपुर के सांसद मन्नालाल रावत और विधायक कन्हैयालाल मीणा ने हाल ही में सुशीला के गांव का दौरा किया और उसके साथ ही उनके माता–पिता से भी बात की। रावत ने कहा कि सही तरह की कोचिंग से सुशीला राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के साथ–साथ राजस्थान को भी पहचान दिलाने की क्षमता रखती है। हाल ही में एक साक्षात्कार में सुशीला ने कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सचिन कौन हैं। उन्होंने कहा था कि मैं नहीं जानती कि तेंदुलकर कौन हैं। सुशीला ने यह भी कहा कि उनके घर पर टेलीविजन नहीं है और उसने कभी क्रिकेट मैच नहीं देखा है।



# एससीजी जैसी कठिन पिच पहले नहीं देखी : स्मिथ



सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने सिडनी (एससीजी) की पिच पर बल्लेबाजी करने को सबसे मुश्किल बताया है। स्मिथ ने कहा कि ऐसी कठिन पिच पर उन्होंने पहले कभी नहीं खेला था। सिडनी केवल एक रन की कमी से अपने 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर पाये। स्मिथ को इसके लिए सिडनी में 38 रन की जरूरत थी पर वह पहली पारी में 33 रन पर ही आउट हो गये थे। वहीं दूसरी पारी में वह चार रन बनाकर आउट हो गये थे। इस प्रकार वह एक रन की कमी से से टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पूरे नहीं कर पाये। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि मैं इस मैच में बेहद खतरनाक गेंद पर आउट हुआ, गेंद अचानक से उछल गयी थी। उन्होंने कहा कि 10 हजार टेस्ट रन तक नहीं पहुंचनने से वह निराश नहीं है क्योंकि टीम को मैच में जीत मिली। उन्होंने कहा कि यह एससीजी की सबसे कठिन पिच थी। गेंद को सीम से मदद मिल रही थी और यह काफी स्विंग हो रही थी। मैं पहले कभी एससीजी में इस तरह के विकेट पर नहीं खेला था। यहां बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय रूप से कठिन था। इस सीरीज में स्मिथ ने दो शतक लगाये हैं। उनका कहना है कि ये सीरीज काफी अच्छी रही। साथ ही कहा कि भारत एक अविश्वसनीय रुप से कठिन टीम है। हमें इस सीरीज में जसप्रीत बुमराह की खतरनाक गेंदबाजी का सामना करना पड़ा हालांकि अंत में परिणाम हमारे पक्ष में रहा।

# महिला हॉकी इंडिया लीग से जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी : सविता पूनिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 तक खेलने की उम्मीद जताते हुए भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा कि महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत से जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी और अधिक से अधिक युवा हॉकी खेलने के लिए प्रेरित होंगे। महिला एचआईएल का पहला सत्र 12 से 26 जनवरी तक खेला जाएगा।

सविता ने कहा, 'हर खिलाड़ी आर्थिक स्थिरता चाहता है ताकि वह परिवार को तनावमुक्त रख सके, उसकी मदद कर सके और अच्छे उपकरण खरीद सके। हम लंबे समय से राष्ट्रीय टीम में हैं और जब भी हम पदक जीतते हैं तो सरकार हमें पुरस्कार देती है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन जब एक जूनियर खिलाड़ी को इतना पैसा मिलता है तो उसे किसी तरह का वित्तीय तनाव नहीं रहता। वह अपने खेल पर फोकस कर सकती है। माता-पिता भी अब निश्चिंत हो सकते हैं कि हॉकी में भविष्य है और बच्चे इसमें करियर बना सकते हैं।'



भारत के लिए करीब 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी 34 वर्ष की सविता ने कहा कि उनका संन्यास लेने का इरादा नहीं है और वह लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 खेलना चाहती है बशर्ते फिट रहे और खेल का मजा लेती रहे। उन्होंने कहा, 'मैं अगला ओलंपिक खेलना चाहती हूं। मेरे माता पिता ने हमेशा मेरे फैसलों का समर्थन किया और अब शादी के बाद सास ससुर और पति भी मेरा पूरा साथ दे रहे हैं। मैं किस्मतवाली हूं।'

उन्होंने कहा, 'फिलहाल फोकस 2026 विश्व कप और एशियाई खेलों पर है। दोनों परिवारों ने मुझसे कहा है कि अगर मैं ओलंपिक खेलना चाहती हूं तो वे मेरे साथ है। मुझे अपनी उम्र बताने में कोई हिचक नहीं होती। अगर मैं फिट रही और खेल का मजा लेती रही तो जरूर खेलूंगी।'

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में बदलाव की अधिक संभावना नहीं

**–रोहित रहेंगे कप्तान पर शुभमन को उपकप्तानी से हटाया जाना तय**

**मुम्बई (एजेंसी)।** आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा रविवार को हो सकती है। इसमें टीम में कोई बड़ा बदलाव किये जाने की उम्मीदें नहीं हैं पर शुभमन गिल को उपकप्तानी से हटाया जा सकता है। भारत ने 2024 में एक ही एकदिवसीय सीरीज खेली थी। इस सीरीज में रोहित शर्मा कप्तान जबकि शुभमन गिल उप कप्तान थे। अब 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी में भी रोहित ही कप्तान रह सकते हैं पर शुभमन को टीम में जगह मिलना तय नहीं है। इसका कारण ये है कि पिछले कुछ समय से उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वहीं यशस्वी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी पेश की है। जिस प्रकार यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में पारी की शुरुआत करते हुए टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उससे वह अब एकदिवसीय के लिए भी प्रबल दावेदार के तौर पर उभरे हैं। माना जा रहा है कि यशस्वी को एकदिवीय टीम में भी जगह मिल सकती है। अगर यशस्वी को टीम में जगह मिलती है तो शुभमन को बाहर होना पड़ेगा। यशस्वी ने अब तक एक भी वनडे मैच नहीं खेला है. वे इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत कर सकते हैं।



टीम इंडिया के बाकी बल्लेबाजों और ऑलराउंडर्स के नाम काफी हद तक तय नजर आते हैं। विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर विराट कोहली और श्रेयस अय्यर का चयन पक्का है। वहीं विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत और केएल राहुल की जगह पक्की लगती है। ऐसे ही ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को भी जगह मिल सकती है। अगर हार्दिक पंड्या और नीतीश दोनों का चयन होता है तब भारतीय टीम तीन विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ उतरेगी। ये तीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह हो सकते हैं. विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव की दावेदारी पक्की है।

भारत की संभावित टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह।

# विराट और रोहित पर है रणजी खेलने का दबाव



मुम्बई । ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा पर भी घरेलू क्रिकेट खेलने का दवाब है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की हार के बाद पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने तो यहां तक कहा था कि अगर जो खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलते हैं तो उन्हें टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिये। गावस्कर ने यहां तक कहा कि उन्हें 23 जनवरी का इंतजार है। वे देखना चाहेंगे कि ये खिलाड़ी रणजी मैच खेलते हैं। ऐसे में अब विराट और रोहित को अपनी–अपनी घरेलू टीमों से खेलना ही होगा। भारतीय क्रिकेट टीम 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगी पर विराट और रोहित दोनो ने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया है। इसलिए इनके पास रणजी ट्रॉफी में खेलने का अवसर भी है। रणजी ट्रॉफी का इसका पहला हाफ अक्टूबर–नवंबर में खेला गया था। अब इसके बाकी बचे मैच इसी माह 23 जनवरी से शुरू हो रहे हैं. इसमें दिल्ली का मुकाबला सौराष्ट्र से जबकि मुंबई का मुकाबला जम्मू कश्मीर से होगा। ऐसे में अगर विराट घरेलू क्रिकेट में दिल्ली से खेलते हैं तो उनका सामना चेतेश्वर पुजारा से होगा। पुजारा सौराष्ट्र की ओर से खेलते हैं। विराट ने अंतिम बार रणजी मुकाबला साल 2012 में खेला था। वहीं पुजारा नियमित तौर पर रणजी मैच खेलते रहे हैं।

# काराबाओ कप फुटबॉल सेमीफाइनल के पहले चरण में न्यूकैसल ने आर्सेनल को हराया

लंदन । आर्सेनल की टीम को काराबाओ कप फुटबॉल में सेमीफाइनल के पहले चरण में ही 2–0 से हार का सामना करना पड़ा है। न्यूकैसल ने मुकाबले के दौरान आर्सेनल को खेल के हर क्षेत्र में पीछे छोड़ दिया। इससे आर्सेनल के लिए फाइनल की राह बेहद मुश्किल हो गयी है। ऐसे में अब न्यूकैसल यूनाइटेड दूसरे चरण के लिए दो गोल की बढ़त के साथ उतरेगा। वहीं मैच के 37वें मिनट में अलेक्जेंडर इसाक ने न्यूकैसल की ओर से पहला गोल कर उसे बढ़त दिलाई। यह अलेक्जेंडर का 15 मैचों में 14वां गोल था और न्यूकैसल की ओर से 50वां गोल। उन्होंने यह आंकड़ा केवल 89 मैचों में ही हासिल किया। इसके बाद 51वें मिनट में एंथनी गॉर्डन ने गोल दागकर टीम को 2–0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद न्यूकैसल की रक्षापंक्त ने आर्सेनल के हर आक्रमण को विफल कर दिया। इससे न्यूकैसल तेजी से फाइनल की ओर बढ़ा है। न्यूकैसल के खिलाड़ी उत्साहित हैं और अपने घरेलू दर्शकों के सामने फाइनल में जगह पक्की करने कोई कसर नहीं रखेंगे। अब न्यूकैसल का लक्ष्य तीन सीजन में दूसरी बार काराबाओ कप फाइनल में पहुंचना रहेगा। दूसरी ओर आर्सेनल के लिए मुकाबला अच्छा नहीं रहा। अब उन्हें 5 फरवरी को दूसरे चरण में जीत दर्ज करने का प्रयास करना होगा।



# शास्त्री और पोंटिंग बोले, शमी को बॉर्डर गावस्कर सीरीज में शामिल करना चाहिये था

**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उसे बॉर्डर गावस्कर सीरीज के बाद के मैचों में शामिल किया जाना चाहिये था। इन दिग्गजों का कहना है कि शमी के रहने से भारतीय टीम को भी लाभ होता ओर उनकी फिटनेस का भी सही अंदाजा हो जाता। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की इस सीरीज को 3-1 से जीत लिया। पिछले एक साल से टीम से बाहर चल रहे शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद घरेलू क्रिकेट में बंगाल की ओर से खेला था। इसके अलावा सैयद मुश्ताक अली टी20 और विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। ऐसे में कहा जा रहा था कि उन्हे तीसरे या चौथे टेस्ट में भेजा जाएगा पर ऐसा हुआ नहीं। एक ओर जहां शमी कहा रहे थे कि वह फिट हैं। वहीं ये भी कहा जा रहा था कि घरेलू क्रिकेट से उनके घुटने में सूजन आ गयी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने घुटने की सूजन का हवाला देते हुए मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले आधिकारिक तौर उनकी वापसी की संभावना को खारिज कर दिया था।

पोंटिंग और शास्त्री दोनों का मानना है कि भारत को शमी को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाना चाहिए था। शास्त्री ने कहा, 'मीडिया में चल रही बातों से मैं बहुत हैरान था कि शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ था। जब फिट होने की बात आती है तो वह कहां है? मुझे नहीं पता कि वह कितने समय से भारतीय क्रिकेट अकादमी में उबर रहा है। वह किस स्थिति में है इसको लेकर सही बात सामने नहीं आ पा रही थी। वहीं अगर मुझे फैसला करना होता तो मैं उसे ऑस्ट्रेलिया लेकर जाता। अगर वह होता तो हम मेलबर्न और सिडनी टेस्ट में बेहतर कर सको थे। वहीं पोंटिंग ने भी शास्त्री की बातों का समर्थन करते हुए कहा, 'मुझे वास्तव में हैरानी है कि उसे सीरीज के बीच में टीम में क्यों शामिल नहीं किया गया। वह अगर कम ओवर भी करता तब भी भारतीय टीम को लाभ होता। अगर इस इसी सीरीज में होतो तो परिणाम कुछ अलग हो सकता है।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# साउथ इंडस्ट्री में काम करना चाहते हैं डायरेक्टर अनुराग कश्यप

डायरेक्टर और एक्टर अनुराग कश्यप ने हाल ही में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने मुंबई छोड़ने का फैसला कर लिया है। डायरेक्टर ने कहा कि उनके अंदर अब फिल्म बनाने की कोई एक्साइटमेंट नहीं बची है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में रिस्क फैक्टर कम होने और रीमेक बनने को लेकर भी बात की है।

### फिल्म बनाने की एक्साइटमेंट खत्म हो गई अनुराग

अनुराग कश्यप ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें कुछ नया करने को नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से उनके अंदर फिल्म बनाने की एक्साइटमेंट खत्म हो गई है। उनको लगता है कि इसका कारण एक्टर्स की टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी हैं क्योंकि टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी ने एक नया ट्रेंड शुरू कर दिया है, जिसमें एक्टर्स को एक्टिंग पर नहीं स्टार बनने पर ज्यादा ध्यान देना होता है।

### अपनी फिल्मों में कोई एक्सपेरिमेंट नहीं कर सकता

अनुराग ने कहा कि आज के समय में मैं बाहर जाकर कोई नई अलग तरह की फिल्म नहीं बना सकता, मैं अपनी फिल्मों में कोई एक्सपेरिमेंट नहीं कर सकता। क्योंकि अब सब कुछ पैसे पर आ गया है। जिसमें प्रोड्यूसर्स सिर्फ प्रॉफिट और मार्जिन के बारे में सोचते हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले ही सब तय किया जाता है कि फिल्म को कैसे बेचेंगे और कितना प्रॉफिट होगा। तो फिल्म बनाने का मजा खत्म हो जाता है। डायरेक्टर ने आगे कहा– मैं अगले साल मुंबई छोड़कर साउथ में शिफ्ट हो जाउंगा। मैं वहां जाना चाहता हूं जहां काम करने के लिए सब एक्साइटेड रहें। वरना मैं एक बूढ़े आदमी की तरह जिंदगी बिता कर मर जाउंगा। मैं अपनी बॉलिवुड इंडस्ट्री से काफी परेशान और निराश हो गया हूं। मैं इंडस्ट्री के लोगों की सोच से भी काफी परेशान हूं।

बॉलीवुड में सिर्फ रीमेक बन रहा है– अनुराग

अनुराग ने इंडस्ट्री की सोच को लेकर भी बात की है। उन्होंने कहा– बॉलीवुड में सिर्फ रीमेक बन रहा है। फिल्म मेकर्स कुछ भी नया नहीं करना चाहते हैं। इसी मानसिकता से मैं काफी थक गया हूं। एजेंसियां एक्टर्स का माइंडवॉश कर रही हैं और उन्हें ग्लेमर का लालच देकर स्टार बना रही हैं और खुद पैसे कमा रही हैं। वे उन्हें वर्कशॉप के लिए भेजने की जगह जिम भेजना चाहते हैं।

दोस्तों ने छोड़ा साथ– अनुराग कश्यप

अनुराग कश्यप ने कहा कि वह इंडस्ट्री में जिन एक्टर्स को अपना दोस्त मानते थे, उन लोगों ने भी उन्हें अकेला छोड़ दिया है।



# रश्मिका ने पांच महीने तक छावा के लिए भाषा सीखी

फिल्म छावा में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी, महारानी येसूबाई भोसले का किरदार निभा रही हैं। एक मराठी महारानी का किरदार निभाना रश्मिका के लिए सिर्फ एक मौका नहीं, बल्कि एक सपना था। हाल ही में बातचीत के दौरान, रश्मिका ने बताया कि उनका सपना खुद को महारानी के रोल में देखना था, जो 'छावा' से पूरा हुआ। बता दें, इस किरदार के लिए रश्मिका ने पांच महीने तक रोजाना 3-4 घंटे भाषा सीखने में बिताए।

### महारानी का किरदार निभाना सपना था

रश्मिका ने कहा, इस फिल्म के लिए मैंने बहुत ज्यादा मेहनत की है। लेकिन यह वही है जो मैंने हमेशा चाहा था। जब मैंने एक्टर बनने का सपना देखा, तब से ऐसी ऐतिहासिक फिल्म में काम करने की इच्छा थी। हमारे इतिहास, परंपराओं और संस्कृति की भव्यता मुझे हमेशा आकर्षित करती है। 'छावा जैसी फिल्म में काम करना मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। मैं हमेशा से खुद को एक राजसी दुनिया में, किसी महारानी के रूप में, शाही महल, शानदार डांस और इतिहास के बीच देखने का सपना देखती थी। जब यह फिल्म मेरे पास आई तो मैं बहुत उत्साहित थी। यह लक्ष्मण उतेकर सर की दूरदृष्टि थी जिसने इसे खास बनाया। उन्होंने मुझे पहली बार कहानी सुनाते समय कहा था कि वह मुझे एक महाराष्ट्रीयन क्वीन के रूप में देखना चाहते हैं। मेरी शक्ल-सूरत, मेरे चेहरे के फीचर्स - सब कुछ इस किरदार के लिए परफेक्ट थे। यह एक ऐसी फिल्म है जो आपको गर्व महसूस कराएगी। यह न केवल भव्य है बल्कि दिल को छूने वाली भी है।

### पांच महीने तक सीखी भाषा

किरदार की तैयारी को लेकर एक्ट्रेस ने आगे कहा, सबसे बड़ी तैयारी लैंग्वेज को लेकर रही। हिंदी मेरी मातृभाषा नहीं है। यह भाषा मेरे लिए स्वाभाविक नहीं है लेकिन मेरी ऑडियंस के लिए इसे सीखना मेरा फर्ज था। फिर जब आपको एक क्वीन का किरदार निभाना हो, तो आपको हर चीज पर पकड़ बनानी होती है- चाल, बोलचाल, अंदाज- सबकुछ। डायलॉग के लिए मैंने हर दिन तीन से चार घंटे मेहनत की। यह सिलसिला पांच महीनों तक चला। हर शब्द, हर वाक्य को मैं इस तरह सीखती थी जैसे यह मेरी अपनी जुबान हो। मेरे लिए यह सिर्फ किरदार निभाने की बात नहीं थी, बल्कि उस किरदार की आत्मा को जीने की कोशिश थी। इस दौरान मैंने यह भी सीखा कि भाषा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि भावनाओं से भी बनती है। लक्ष्मण सर कहते थे, 'जब लोग तुम्हें सुनेंगे, तो वे भूल जाएंगे कि तुम दक्षिण से आई हो या उत्तर से। उन्हें केवल तुम्हारा किरदार दिखेगा। मैं खुश हूं कि हमने यह हासिल किया। 'छावा मेरी अब तक की सबसे मेहनती जर्नी रही है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है।

### सलमान खान के साथ सेट पर हर दिन एक यादगार पल होता

बता दें, रश्मिका सलमान खान के साथ फिल्म 'सिकंदर में भी हैं। उनके साथ काम करने के अनुभव को लेकर उन्होंने कहा, सलमान खान के साथ काम करना... क्या कहूं। यह मेरे करियर का एक बेहद खास मौका है। सेट पर हर दिन एक यादगार पल होता है। सलमान सर सबसे स्वीट और विनम्र इंसान हैं। जब वो सेट पर होते हैं, तो माहौल अपने आप हल्का-फुल्का और मजेदार हो जाता है। सब हंसते हैं, मस्ती करते हैं लेकिन साथ ही काम को लेकर पूरा फोकस भी रखते हैं। उनके साथ काम करना न सिर्फ एक सम्मान है, बल्कि उनके साथ वक्त बिताना भी बहुत कुछ सीखा जाता है। जब मुझे पता चला कि मैं सलमान के साथ फिल्म कर रही हूं, तो यकीन मानिए, मैं बहुत नर्वस थी लेकिन सलमान सर का जादू ही ऐसा है कि वो सबको तुरंत कंफर्टेबल महसूस कराते हैं। उनका स्वभाव इतना आरामदायक है कि आपको लगता ही नहीं कि आप एक लिविंग लेजेंड के साथ काम कर रहे हैं। उनके साथ काम करना न सिर्फ एक अनुभव है, बल्कि यह उन यादों में शामिल है जो मैं जिंदगी भर सहेजकर रखूंगी।

# अक्षय ने की भूत बंगला की शूटिंग शुरू



अक्षय कुमार इन दिनों अपनी कई आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों की रिलीज को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसमें स्काई फोर्स, वेलकम टू द जंगल, जॉली एल एल बी 2 और भूत बंगला शामिल हैं। लेकिन इन सभी में से सबसे ज्यादा चर्चा हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की हो रही है। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। बॉलीवुड खिलाड़ी कुमार अक्षय अपनी आगामी फिल्म भूत बंगला की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। इस फिल्म के लिए सुपरस्टार प्रियदर्शन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों ने साथ में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, जिनमें हेरा फेरी, भूल भुलैया, गरम मसाला और बाकी कई बेहतरीन फिल्में शामिल हैं। पिछले महीने मुंबई में फिल्मांकन के बाद जयपुर में इस शेड्यूल की शूटिंग की जाएगी। अब टीम गुलाबी नगरी जयपुर के लिए रवाना हो चुकी है, जहां हॉरर-कॉमेडी का अगला शूट शुरू किया जा रहा है। प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की आगामी फिल्म भूत बंगला रोमांच और हंसी का एक बेहतरीन मिश्रण होने का वादा करता है, क्योंकि यह फिल्म एक कॉमेडी ट्विस्ट के साथ भूतहा घर की शैली को दर्शाती है।

# आज की जेनरेशन में ठहराव नहीं, उनकी सोच इंस्टाग्राम रील की तरह छोटी

आजकल की पीढ़ी सोशल मीडिया और उसकी दुनिया में पूरी तरह घिरी हुई है। इन सबके बीच, एक्ट्रेस नेहा जोशी ने हाल ही में इंटरव्यू में इस पर अपने विचार व्यक्त किए। नेहा ने कहा, मुझे लगता है कि आज की पीढ़ी बहुत भाग रही है। उनका ध्यान भी रील की तरह बहुत छोटा हो गया है। आज की जेनरेशन में ठहराव नहीं है। उनके केवल चमक दिख रही है। असली मेहनत और लगन अब पीछे रह गए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जो लोग कला के फील्ड में असली मेहनत करते हैं, वे एक अलग ही दुनिया में होते हैं। अगर आप कलाकार हैं, तो आपको अपनी कला का प्रदर्शन करना है। नेहा का मानना है कि आजकल की पीढ़ी भटक रही है, लेकिन आखरी में वे अपनी जड़ों तक लौट आएंगे। देखिए, मेरा मानना है कि हमें अपने जड़ों से जुड़ा रहना चाहिए। यही तो भारतीय होने का हमारा असली रूप है। तपस्या, रियाज और ठहराव, ये हमारे सबसे बड़े गुण हैं। हम भारतीय होने के नाते अपनी जड़ों और इतिहास से जुड़े रहकर ही आगे बढ़ सकते हैं। नेहा का मानना है कि अटल जैसे शोज और प्रोजेक्ट्स बहुत जरूरी हैं क्योंकि ये बच्चों और उनके माता-पिता को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ते हैं। ऐसे प्रोजेक्ट्स बच्चों को यह सिखाते हैं कि उनका इतिहास और संस्कृति क्या है, जिससे उन्हें अपनी पहचान समझने में मदद मिलती है। बता दें, अजय देवगन और तब्बू स्टारर फिल्म दृश्यम 2 में पुलिस स्पाई ऑफिसर जेनी थॉमस का रोल कर चुकीं नेहा जोशी इन दिनों टीवी सीरियल अटल में नजर आ रही हैं।





# ग्राउंड जीरो में पहली बार एक आर्मी अफसर के रोल में नजर आएंगे इमरान

इमरान हाशमी का एक अधूरा ख्वाब नए साल में पूरा होने जा रहा है। वह लंबे समय से आर्मी अफसर के रोल निभाने को बेताब थे। हालांकि उन्होंने टाइगर 3 में पाकिस्तानी आर्मी मैन का रोल किया था पर इंडियन आर्मी अफसर का रोल किया था। अपने ही प्रोडक्शन से उनकी कैप्टन नवाब में वह इंडियन आर्मी अफसर का किरदार निभाने बाले थे पर वह फिल्म आगे नहीं बढ़ पाई। अब आखिरकार फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के बैनर से ग्राउंड जीरो में वह पहली बार बल सेना अफसर के रोल में दिखेंगे। यह फिल्म पार्लियामेंट अटैक के बाद उसके मास्टर माइंड के शिकार की कहानी है। इमरान इसमें बीएसएफ सेकंड इन कमांड नरेंद्र नाथ धर दुबे से इंस्पायर्ड शख्स के रोल में होंगे। इसे तेजस प्रभास और विजय देउस्कर ने मिलकर डायरेक्ट किया है। तेजस ने इससे पहले रकुल प्रीत सिंह स्टारर छतरीवाली डायरेक्ट की थी। वह कॉमेडी फिल्म थी। यह विशुद्ध एक्शन फिल्म है।


### फिल्म की स्क्रिप्ट बीएसएफ की असल मुहिम पर केंद्रित है...

फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया, संचित गुप्ता और प्रियदर्शी श्रीवास्तव द्वारा लिखी गई इस फिल्म में पुनीत तिवारी, जोया हुसैन, साई ताम्हणकर, मुकेश तिवारी, रॉकी रैना, दीपक परमेश और ललित प्रभाकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। मुकेश हाल के बरसों में कॉमिडी रोल ज्यादा करते रहे हैं पर यहां वह भी इमरान के साथ संसद हमलों के साजिशकर्ताओं की खोज में नजर आएंगे। स्क्रिप्ट को बीएसएफ की असल मुहिम पर केंद्रित किया गया है। इस तरह यह नीरज पांडे की स्पेशल ऑप्स से अलग है। इसमें खुफिया विभाग का चैप्टर ही नहीं है। पूरी तरह आर्मी जवानों की बहादुरी को दिखाया गया है।

सूत्र कहते हैं. यहां ग्राउंड जोरो में हालांकि मेकर्स ने सीधे तौर पर अफजल गुरू और गाजी बाबा की दबिश और एक्शन पर फोकस किया गया है। अफजल गुरू की युवावस्था का रोल पुनीत तिवारी ने प्ले किया है। जोया हुसैन और मुकेश तिवारी बीए?सएफ जवान ग्रुप से हैं। फिल्म के ज्यादातर हिस्सों की शूटिंग कश्मीर और उसके आस-पास हुई है। सिर्फ कुछेक धमाकों और हमलों के लिए मुंबई के एक्सेल के स्टूडियोज में ही कश्मीर का सेट क्रिएट कर सीक्वेंस फिल्माया गया। वहां भी सीन प्रामाणिक लगे, उसकी खातिर 400 से ज्यादा कश्मीरी युवाओं को कश्मीर से मुंबई बुलाया गया। वह इसलिए कि काफी धमाके भरे सीन फिल्माने थे। उसकी परमिशन कश्मीर में नहीं मिली थी।

### शूटिंग के दौरान इंडियन आर्मी से मेकर्स को काफी मदद मिली

सूत्र बताते हैं. सेट पर शूट के दौरान एक दिन पत्थरबाजी को घटना भी हुई। हालांकि उसे आधिकारिक नहीं किया गया। बाद में कहा गया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ, जबकि वह घटना हुई थी। बहरहाल, बाकी के दिनों में शूटिंग में कोई दिक्कत नहीं आई। इमरान का हैवी एक्शन फिल्म में हैं। पहले फिल्म में परवेज शेख ने एक्शन की कोरियोग्राफी की थी मगर कुछ सीन फरहान को पसंद नहीं आए तो सुनील राड्रिग्स से एक्शन डिजाइन करवाया। पहलगाम के अलावा बीएसएफ के कैंप में अधिकारियों के ऑब्जर्वेशन में ही पूरी शूटिंग की गई। उनकी ओर से हथियार आदि मुहैया करवाए गए।



# मैं कुछ और होने का अभिनय असल जिंदगी में नहीं करता

51 साल के हो चुके अभिनेता सोनू सूद अपनी होम प्रोडक्शन फिल्म 'फतेह' से निर्देशक भी बन गए हैं। साइबर क्राइम पर बनी ये फिल्म इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। सोनू सूद को हिंदी सिनेमा के सबसे चुस्त तंदुरुस्त कलाकारों में माना जाता है, यहां वह बता रहे हैं अपनी खुशहाली के राज।

**आप मुंबई की फिल्मी पार्टियों में क्यों नहीं दिखते हैं?**

मैं अभिनेता हूं। मेरा काम है कैमरे के आगे एक किरदार को जीने की पूरी कोशिश करना। असल जिंदगी में मै जो हूं, वही रहता हूं। मैं कुछ और दिखने की दूसरों की तरह कोशिश नहीं करता। और, ऐसा करने से आज तक किसी कलाकार का करियर नहीं बना, ये मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं। न मैं दारू पीता हूं। न सिगरेट पीता हूं। तो मैं इन पार्टियों में खुद को बहुत तन्हा महसूस करता हूं।

**लोग कहते हैं कि शरीर सौष्ठव के लिए प्रोटीन बहुत जरूरी है और इसके लिए ही लोग मांसाहार शुरू कर देते हैं?**

मैं संपूर्ण शाकाहारी प्राणी हूं, अंडा छोड़कर। हां, ये सही है कि अगर आप पौष्टिक शाकाहारी भोजन करते हैं, वह कई बार बेस्वाद हो सकता है लेकिन भोजन हम शरीर को हृष्ट पुष्ट रखने के लिए खाते हैं, स्वाद लेने के लिए नहीं। मेरे तो घर पर आने वाले लोग कहते हैं कि सोनू, अस्पताल जैसा खाना खाता है। लेकिन, मेहमानों के लिए हमारे घर पर उनकी पसंद और स्वाद का खाना बनता है। हमारे खानसामा बेहतरीन भोजन बनाने में पारंगत हैं।


**फिर तो आप शुरू से अच्छे बच्चे ही रहे होंगे, घर पर, स्कूल में कभी खाने को लेकर पंगा नहीं हुआ?**

आप सुनकर चौंकेगे लेकिन मैंने आज तक किसी भी खाने को लेकर कोई परेशानी नहीं जताई। जो चीजें खाने के लिए प्रकृति ने बनाई हैं, उनमें दोष निकालने वाले हम कौन होते हैं? दोष निकालने वाले वैसे भी कुछ बना नहीं सकते। वे सब दोष इसलिए निकालते हैं क्योंकि इसी में उनको संतोष मिलता है। हां, खाने को लेकर मेरा एक अनुशासन है। मैं रोटी नहीं खाता हूं। चार साल हो गए मुझे गेहूं की रोटी खाए हुए।

**कभी कोई नशे वगैरह की आदत भी नहीं रही?**

नहीं, कभी नहीं। नशा जीवन तबाह कर सकता है। मैं शराब तो बिल्कुल भी नहीं पीता। तमाम सारे कलाकारों ने कोशिश की है, कि मैं किसी तरह दारू पीने लग जाऊं, लेकिन नहीं होता मुझसे। सलमान (खान) भाई को बड़ा शौक रहता था मुझे पिलाने का। लगे रहते कि कैसे भी मैं पी लूं। बोलते, कोल्ड ड्रिंक में डालकर ले आ, इसके लिए थोड़ी सी।

# बैडएस रवि कुमार में खूंखार अंदाज में नजर आए हिमेश रेशमिया



हिमेश रेशमिया की नई फिल्म बैडएस रवि कुमार का ट्रेलर रविवार को रिलीज हो गया। म्यूजिक कंपोजर और सिंगर हिमेश एकदम खूंखार अवतार में हैं। वे कभी दुश्मनों को गाजर-मूली की तरह काट रहे हैं तो कभी बिल्डिंग पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। हिमेश रेट्रो लुक में हैं। इस 3 मिनट 25 सैकंड लंबे ट्रेलर में हिमेश की एंट्री सिगरेट पीते हुए होती है। मुंह में सिगरेट लगाए और हाथ में इलेक्ट्रिक कटर लिए हिमेश तगड़े डायलॉग बोल रहे हैं। वे बोलते हैं, तेरे शरीर में इतना खून नहीं होगा, जितना मैं मूत देता हूं। तू बुरा है तो मैं बुरे लोगों का नवाब हूं। तू बड़ा होके बिगड़ा होगा और मैं बचपन से खराब हूं। हिमेश कभी कटर से तो कभी मशीनगन से दुश्मनों को भून रहे हैं। हिमेश पूर्व में भी कुछ फिल्मों में एक्टिंग कर चुके हैं। विलेन के रूप में साउथ इंडियन एक्टर व कोरियोग्राफर प्रभुदेवा भी चौंका रहे हैं। फिल्म में जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, एनिमल फेम सौरभ सचदेवा और गदर 2 फेम मनीष वाधवा, हिमेश की पत्नी सोनिया कपूर भी हैं। फैंस को यह ट्रेलर खूब पसंद आ रहा है। इसे जबरदस्त तरीके से सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। बता दें फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।